* वर्ष 40 * अंक 118 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य


# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शुक्रवार दिनांक 31 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# 134 पीटीआई राज्य सेवा से बर्खास्त



## फर्जी दस्तावेजों से हासिल की थी सरकारी नौकरी

### शिक्षा मंत्री बोले- दोषियों से वसूली होगी, सख्त कार्रवाई की जाएगी

**जयपुर (पुकार)।** भजनलाल सरकार ने पीटीआई भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले 134 शारीरिक शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। गुरूवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुई पीटीआई भर्ती में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इसमें जांच के बाद 134 पीटीआई को बर्खास्त कर दिया है। दोषियों से वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मदन दिलावर ने गुरूवार को जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- स्पेशल ऑपरेशन टीम ने हमें 243 शारीरिक शिक्षकों के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया था कि कांग्रेस सरकार के वक्त हुई पीटीआई भर्ती में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। शिक्षा विभाग की ओर से की गई शुरूआती जांच के बाद हमने 134 शारीरिक शिक्षक, जिन्हें नियुक्ति दे दी गई थी। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया है।

#### शिक्षा विभाग के 5 कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया

शिक्षा मंत्री ने बताया- शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक में शामिल ओम प्रकाश बिश्नोई को भी शिक्षा विभाग ने बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के पांच कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि 30 को निलंबित किया गया है। जिनकी आगामी जांच की जा रही है। इसके साथ ही 47 पर नियम अनुसार कार्रवाई जारी है। दिलावर ने कहा- आने वाले समय में शिक्षा विभाग के अन्य शिक्षकों के खिलाफ भी जांच की जाएगी। इसमें पता किया जाएगा कि उन्होंने भी किसी तरह की फर्जी डिग्री या डिप्लोमा के आधार पर तो नौकरी हासिल नहीं की है। अगर उन्होंने ऐसा किया है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

#### 33 अभ्यर्थी कोर्ट से स्टे लेकर आ चुके

इसके साथ ही 243 में 19 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिन्हें अपॉइंट ही नहीं किया गया था। 10 ने जॉइन नहीं किया था। जबकि 33 अभ्यर्थी कोर्ट से स्टे लेकर आ चुके हैं। इनके खिलाफ शिक्षा विभाग कोर्ट में लड़ाई लड़ेगा।

#### 243 अभ्यर्थियों ने फर्जी डिग्री और डॉक्युमेंट से नौकरी हासिल की थी

साल 2022 में 5546 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इसमें 12वीं तक की पढ़ाई, शारीरिक शिक्षा में प्रमाण पत्र या डिप्लोमा की जरूरत थी। पीटीआई भर्ती में सफल अभ्यर्थियों की डिग्री और अन्य डॉक्युमेंट्स का वेरिफिकेशन किया गया। इसमें कई दस्तावेज फर्जी या मिस मैच पाए गए। चयनित 321 अभ्यर्थियों के दस्तावेज में विसंगतियां पाई गईं। जांच में यह भी पता चला कि कई ऐसे लोगों ने भी नौकरी हासिल कर ली थी, जिन्होंने केवल 8वीं तक की पढ़ाई की थी। 243 अभ्यर्थियों ने फर्जी डिग्री और दस्तावेजों के जरिए नियुक्ति हासिल की थी। इनकी लिस्ट शिक्षा विभाग को भेजी गई थी। इसके बाद अब शिक्षा विभाग ने 134 के खिलाफ कार्रवाई की है।



## अमेरिका में प्लेन-हेलिकॉप्टर क्रैश

### टक्कर के बाद प्लेन के 3 टुकड़े हुए, नदी में गिरा

# 67 के मौत की आशंका, अबतक 30 के शव मिले

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बुधवार रात करीब 9 बजे एक यात्री विमान और एक हेलिकॉप्टर टकरा गए। क्रैश के बाद दोनों पोटोमैक नदी में गिर गए। प्लेन में 4 क्रू मेंबर समेत 64 लोग सवार थे। वहीं हेलिकॉप्टर में 3 लोग थे। इन सभी लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद अमेरिकी एयरलाइंस का प्लेन पोटोमैक नदी में तीन टुकड़ों में पड़ा मिला। सीबीएस न्यूज के मुताबिक अब तक 30 शव बरामद कर लिए गए हैं। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख जॉन डोनेली ने हादसे पर दिए बयान में कहा कि हादसे में अब कोई जीवित बचा होगा, उन्हें इसकी उम्मीद नहीं है।



जॉन डोनेली ने बताया कि पानी में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पानी काफी गहरा और मटमैला है। इससे गोताखोरों को गोता लगाने में कठिनाई आ रही है। रेस्क्यू में कई दिनों का वक्त लग सकता है। फिलहाल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें और लैंडिंग रोक दी गई हैं। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक घटना रोनाल्ड रीगन एयरपोर्ट के पास हुई। हादसा यूएस एयरलाइन्स के सीआरजे700 बॉम्बार्डियर जेट और सेना के ब्लैक हॉक (एच-60) हेलिकॉप्टर के बीच हुआ। अमेरिकन एयरलाइन्स का जेट कंसास राज्य से वॉशिंगटन आ रहा था।

**2 रूसी नागरिक भी प्लेन पर सवार थे :** रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक प्लेन में रूस के दो फिगर स्केटर्स येवगेनिया शिश्कोवा और वादिम नौमोव भी सवार थे। दोनों ने 1994 में वर्ल्ड चैंपियनशिप भी जीती थी। दोनों शादीशुदा थे। वे कई साल से अमेरिका में रह रहे थे और आइस स्केटर्स को ट्रेनिंग देते थे। तास ने आशंका जताई है कि शिश्कोवा और नौमोव के बेटे मैक्सिम भी उसी प्लेन में हो सकते हैं।

#### ट्रम्प बोले- स्थिति बुरी, हादसे पर सवाल उठाए

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर लिखा, प्लेन एयरपोर्ट के लिए एकदम सही रास्ते पर था। हेलीकॉप्टर काफी देर से प्लेन की ओर सीधा आ रहा था। रात साफ थी, प्लेन की लाइट्स जल रही थीं, फिर भी हेलीकॉप्टर ऊपर या नीचे क्यों नहीं गया या मुड़ा क्यों नहीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि, कंट्रोल टावर ने हेलिकॉप्टर को यह क्यों नहीं बताया कि उसे क्या करना है, बजाय इसके कि क्या उन्होंने प्लेन देखा है। उन्होंने कहा, यह एक बुरी स्थिति है जिसे रोका जाना चाहिए था। यह अच्छी बात नहीं है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने हादसे में शामिल लोगों के लिए प्रार्थना करने की अपील की है

#### रेस्क्यू के लिए गोताखोरों को नदी में उतारा

सीएनएन के मुताबिक लोगों के रेस्क्यू के लिए गोताखोरों को पोटोमैक नदी में उतारा गया है। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक प्लेन हादसे के बाद पानी में जिंदा बचे पैसेंजर्स को लिए खतरा हो सकता है। वॉशिंगटन का तापमान जीरो डिग्री के आसपास चल रहा है। ऐसे में पानी में गिरे लोगों को 20-30 मिनट के भीतर हाइपोथर्मिया शुरू हो सकता है। कंसास के सीनेटर रोजर मार्शल ने एक्स पर कहा- मुझे वॉशिंगटन डीसी आने वाले प्लेन के दुर्घटनाग्रस्त की खबर मिली है। हम लगातार अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम आपसे हर एक यात्री और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करने की अपील करते हैं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के मुताबिक अमेरिकन एयरलाइंस का यह प्लेन रीगन नेशनल एयरपोर्ट (डीसीए) के रनवे 33 के पास पहुंच रहा था, तभी ब्लैकहॉक एच-60 हेलिकॉप्टर से टकरा गया। हादसे वाला सीआरजे700 बॉम्बार्डियर प्लेन लोकल उड़ान के लिए डिजाइन किया गया था और इसमें 68 से 73 यात्री बैठ सकते हैं।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की जीत, तीन पार्षदों की क्रॉस वोटिंग



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को जीत मिली है। यहां पार्टी की ओर से घोषित कैंडिडेट हरप्रीत बाबला को जीत मिली है। उन्हें 19 वोट मिले हैं, जबकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की संयुक्त उम्मीदवार प्रेमलता को 17 वोट ही मिल पाए। भाजपा की हरप्रीत बाबला दूसरी बार की पार्षद हैं। वह सेना के रिटायर्ड कर्नल की बेटी हैं और पूर्व पार्षद देविंदर सिंह बाबला की पत्नी हैं। वह पहले कांग्रेस में रही हैं, लेकिन अब भाजपा के साथ हैं। इस चुनाव में क्रॉस वोटिंग की भी खबर है। भाजपा के पास 16 वोट ही थे, लेकिन उसे तीन मत क्रॉस वोटिंग के भी मिले हैं। इस बार मेयर का पद महिला पार्षद के लिए आरक्षित था। इसलिए दोनों तरफ से महिला कैंडिडेट ही थीं। हालांकि एक दिलचस्प बात यह भी रही कि महज तीन सीट सदन में रखने वाली कांग्रेस के हाथ सीनियर डिप्टी मेयर का पद लगा है। कांग्रेस कैंडिडेट जसबीर सिंह बंटी को 19 वोट हासिल करके जीत मिली है। उनके मुकाबले भाजपा की बिमला दुबे 17 वोट ही पा सकीं।

# कांग्रेस ने दलितों-पिछड़ों का भरोसा तोड़ा, तभी सत्ता में आरएसएस

## अपनी ही पार्टी के खिलाफ बोले राहुल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरूवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी ने दलित, पिछड़ों और अति पिछड़ों का भरोसा कायम रखा होता तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कभी सत्ता में नहीं आता। उन्होंने 'दलित इन्फ्लुएंसर्स' को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वह अपनी पार्टी में 'आंतरिक क्रांति' लाएंगे और संगठन में वंचित तबकों के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। राहुल गांधी का कहना था कि उन्हें यह स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं है कि 1990 के दशक से कांग्रेस वंचित वर्गों के हितों की उस तरह से रक्षा नहीं कर पाई जिस तरह उसे करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, हमने दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का विश्वास बरकरार रखा होता तो आरएसएस कभी सत्ता में नहीं आती...इंदिरा गांधी जी के समय पूरा भरोसा बरकरार था। दलित, आदिवासी, पिछड़ों और अल्पसंख्यक सब जानते थे कि इंदिरा जी उनके लिए लड़ेंगी। उन्होंने कहा, 1990 के बाद विश्वास में कमी आई। इस वास्तविकता को कांग्रेस को स्वीकार करना पड़ेगा...कांग्रेस ने जिस प्रकार से आपके हितों की रक्षा करनी थी वो नहीं की। इस बयान से मुझे नुकसान हो सकता है, लेकिन मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि यह सच है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दलित समुदाय के लोगों से कहा, कांग्रेस में पहले आंतरिक क्रांति लानी पड़ेगी जिसमें हम आप लोगों को (संगठन में) शामिल करें। उन्होंने दावा किया कि हिंदुस्तान की शिक्षा व्यवस्था कभी भी दलितों और पिछड़ों के हाथ में नहीं रही। राहुल गांधी ने यह भी कहा, मौजूदा ढांचे में दलित और पिछड़ों की समस्याएं हल नहीं होने वाली हैं क्योंकि भाजपा और आरएसएस ने पूरे सिस्टम को नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने कहा कि दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए 'दूसरी आजादी' आने वाली है जिसमें सिर्फ राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए नहीं लड़ना है, बल्कि संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत में हिस्सेदारी लेनी होगी। राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह ही दलित विरोधी हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको स्पष्ट रूप से बता दूं कि जब केजरीवाल जी (राजनीति में) आए तो मैंने शुरूआत में उन्हें समझने की कोशिश की। मुझे समझ आया कि केजरीवाल भी नरेन्द्र मोदी की तरह एंटी रिजर्वेशन और एंटी दलित हैं। ये मोदी जी से थोड़ा ज्यादा परिष्कृत हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, भाजपा वाले पूरी तरह फ्रॉड हैं, ये देश को नहीं चला सकते।

## वक्फ संशोधन विधेयक- जेपीसी ने लोकसभा स्पीकर को रिपोर्ट सौंपी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) ने गुरूवार को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी। इस दौरान जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे सहित अन्य भाजपा सांसद मौजूद रहे। विपक्ष का कोई सांसद नजर नहीं आया। जेपीसी ने एक दिन पहले ही ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं 11 मेंबर्स ने विरोध किया। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई।

## सर्वदलीय बैठक : 31 को राष्ट्रपति का अभिभाषण; 1 को बजट पेश होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र से पहले गुरूवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई। बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके।

# महाकुंभ भगदड़ में राजस्थान के 2 श्रद्धालुओं की मौत

### जयपुर की एक महिला लापता, पाली की गुम हुई प्यारी देवी मिली

**जयपुर/पाली (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मंगलवार रात 1.30 बजे हुई भगदड़ में राजस्थान के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ये मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए पहुंचे थे। भगदड़ में अजमेर के सरवाड़ में स्यार गांव की निहाली देवी (60) और जयपुर के चौमूं में जैतपुरा-अणतपुरा के नाथूलाल टोडावत (75) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, निहाली देवी पति रामनारायण बैरवा के साथ प्रयागराज गई थीं। 27 जनवरी को महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंची थीं। 28 जनवरी की रात 1.30 बजे वे संगम तट से 300 मीटर दूर थी। भगदड़ में पति-पत्नी एक-दूसरे से बिछड़ गए। रामनारायण ने पत्नी को बहुत ढूंढा, लेकिन वे कहीं नहीं मिलीं। 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि निहाली का शव लखनऊ (उत्तर प्रदेश) अस्पताल में है। रामनारायण लखनऊ पहुंचे। एंबुलेंस से अपनी पत्नी के शव को लेकर गुरूवार दोपहर 1 बजे गांव पहुंचे। जयपुर के भांकरोटा से कुंभ स्नान के लिए गई 60 साल की महिला सुप्यार देवी 2 दिन से लापता है। वे पति दुर्गालाल मीणा के साथ कुंभ में गई थीं। भगदड़ के बाद से वे गायब हैं।




निहाली देवी (60), केकड़ी    नाथूलाल टोडावत (85), चौमूं

#### पाली की प्यारी देवी लापता हुई, फिर मिल गई



पाली के मंडिया रोड शिव कॉलोनी निवासी प्यारी देवी (70) पत्नी मोहनलाल सरगरा 24 जनवरी को प्रयागराज गई थी। 29 जनवरी की रात हुई भगदड़ में प्यारीदेवी अपने ग्रुप से बिछड़ गईं। उनके साथ गए लोग उन्हें वहां ढूंढते रहे। इसी बीच उसे राजपूती ड्रेस में कुछ लोग मिले। उसने आपबीती उनको बताई। पाली के विरमपुरा (नाना) विक्रमसिंह ने बताया- हम 40 जने बस लेकर प्रयागराज गए थे। भगदड़ के दौरान प्यारी देवी हमें रोते हुए मिलीं। हमारी राजपूती ड्रेस देखकर वे हमारे पास आई और ग्रुप से बिछड़ने की बात बताई। उनके पास किसी के मोबाइल नंबर नहीं थे। ऐसे में उनकी मदद की और अपने साथ बस में बिठाकर गुरूवार सुबह रवाना हुए।

## महाकुंभ में फिर भीषण आग : छतनाग के पास टेंट सिटी में कई कॉटेज जले



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में एक बार फिर गुरूवार की दोपहर भीषण आग लग गई। इससे एक दर्जन से ज्यादा टेंट जल गए हैं। इस बार आग छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर 22 के पास टेंट सिटी में लगी है। झूंसी की तरफ छतनाग के पास मेला के किनारे यह घाट है। प्राइवेट कंपनी की ओर से लगाए गए वैदिक टेंट सिटी में आग लगी है। अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। अभी आग का कारण नहीं पता चल सका है। वहीं, गुरूवार को ही डोम सिटी में भी आग लग गई है। यहां एक डोम आग लगने से जल गया है। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 22 में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर आकर देखा गया तो करीब 15 टेंट में आग लगी थी। मौके पर कई दमकल की गाड़ियां पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया है। आग किस वजह से लगी यह अभी साफ नहीं है। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी है। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर एक्सेस रोड नहीं था। इसलिए यहां आने में थोड़ी दिक्कत हुई है। कोई भी जनहानि नहीं है। किसी को बर्न नहीं है। हिदायत भी दी जा रही है। बताया जाता है कि यहां पर अस्थाई टेंट लगाया गया था। चमनगंज चौकी के अंतर्गत यह क्षेत्र आता है। उन लोगों को भी बता दिया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले 19 जनवरी को गोरखपुर के गीता प्रेस के शिविर में आग लगी थी। तब डेढ़ सौ ज्यादा कॉटेज जलकर खाक हो गए थे। गीता प्रेस का शिविर शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में लगा था। तब प्रशासन ने छोटे सिलेंडर में रिसाव को आग का कारण बताया था। हालांकि गीता प्रेस वालों ने बाहर से आई आग को कारण बताया था।

### पंजाब के तरन तारन में बड़ी वारदात करने आए थे आतंकी

## मुठभेड़ में जिंदा पकड़े गए दो दहशतगर्द, हैंड ग्रेनेड-पिस्टल बरामद

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के तरन तारन में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम हुई है। यहां पुलिस और दहशतगर्दों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हो गई। दो आतंकी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने उनसे से दो हैंड-ग्रेनेड और पिस्टल भी बरामद की है। पकड़े गए आतंकियों की पहचान रोबिनजीत सिंह और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि जब पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। घायल हमलावरों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। उनके कब्जे से 2 ग्रेनेड, 1 पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जांच में साफ हुआ कि पकड़े गए हमलावर अमेरिका में बैठे आतंकी गुरदेव सिंह उर्फ जस्सल झब्बाल कनाडा में छुपे आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और सतनाम सिंह उर्फ सत्ता नौशेराके इशारों पर काम कर रहे थे। ये पंजाब में दो बड़ी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में थे। इसके लिए ही उन्हें पिस्टल व हैंड-ग्रेनेड उपलब्ध करवाए गए थे।





**पिछले हफ्ते मोहाली में पकड़े गए गुर्गे :** पिछले हफ्ते ही मोहाली पुलिस ने आतंकी लखवीर सिंह लंडा और गुरदेव सिंह उर्फ जैसल गैंग के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपी पंजाब के कई जिलों में लूट, डकैती और जबरन वसूली की वारदात में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने पांच पिस्तौल व 13 कारतूस बरामद हुए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अवतार सिंह उर्फ विक्की निवासी गांव गुरमुखां दी पट्टी, खडूर साहिब, जिला तरनतारन, अमरबीर सिंह निवासी गांव दफ्फार दी पट्टी, खडूर साहिब जिला तरनतारन के रूप में हुई थी।

## कोर्ट का अनोखा फैसला : गोलीबारी के बाद की लूट, अब करना होगी अस्पताल में साफ-सफाई



**झुंझनूं (पुकार)।** राजस्थान में झुंझुनूं के एक बाल न्यायालय ने तोड़फोड़ व गोलीबारी के मामले में दो बाल अपचारियों (अपराधियों) को खास सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें दोषी मानते हुए दो साल तक सरकारी अस्पताल में साफ सफाई करने की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोनों आरोपियों पर 10-10 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। इन नाबालिगों पर शराब की एक दुकान में तोड़फोड़ करने और गोलीबारी कर 1.5 लाख रूपए लूटने का आरोप था। हालांकि कोर्ट ने उन्हें एक आरोप से बरी कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए लोक अभियोजक भारत भूषण शर्मा ने बताया कि बाल न्यायालय (सत्र न्यायाधीश) की न्यायाधीश दीपा गुर्जर ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दोनों नाबालिगों को बिना वेतन के सरकारी अस्पताल के वार्ड और रसोई की सफाई करनी होगी। उन्होंने बताया कि साथ ही उन्हें हर सप्ताह कम से कम 30 घंटे काम करना होगा, जिसकी निगरानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ करेंगे और हर तीन महीने में अदालत को रिपोर्ट सौंपेंगे। शर्मा ने बताया कि दोनों मुजरिमों को 10 फरवरी को अदालत में पेश होना होगा। यह मामला पांच साल पुराना है। जब सात मई 2020 को संदीप कुमार ने बगड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी शराब की दुकान पर बिना रजिस्ट्रेशन प्लेट वाली तीन गाड़ियों में आए बदमाशों ने गोलीबारी की, दुकान में तोड़फोड़ की और कैश बॉक्स से डेढ़ लाख रूपए लूट लिए। इस दौरान एक वैन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस ने मामले में दो नाबालिगों को हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड झुंझुनू में चार्जशीट पेश की थी। वहां से मामला किशोर न्यायालय में भेज दिया गया। अदालत ने दोनों आरोपियों को लूट की धाराओं में बरी कर दिया, लेकिन हमला और तोड़फोड़ में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## चुनाव आयोग बोला- केजरीवाल यमुना में जहर का सबूत दें

### केजरीवाल बोले- चुनाव आयुक्त राजनीति कर रहे, दिल्ली से चुनाव क्यों नहीं लड़ लेते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच यमुना के पानी को लेकर अरविंद केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच गुरूवार को जमकर बयानबाजी हुई। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी और 5 सवाल किए। आयोग ने पूछा- यमुना के पानी में किस जगह जहर मिला, सबूत दें। अमोनिया के बढ़ते लेवल के मुद्दे को जहर आदि के आरोपों से मिलाए बिना 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक जवाब दें, वर्ना कार्रवाई की जाएगी। इस पर अरविंद केजरीवाल ने कहा- दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। चुनाव आयोग इस पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। यमुना के पानी की 3 बोतलें भेजेंगे। राजीव कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस में पानी पीकर दिखा दें। केजरीवाल ने कहा- राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। उन्हें रिटायरमेंट के बाद नौकरी चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग का कबाड़ा कर दिया। उन्होंने जैसी भाषा आज लिखी है ये चुनाव आयोग का काम नहीं है। उन्हें इतिहास माफ नहीं करेगा। यदि राजीव कुमार को राजनीति करनी है तो वे दिल्ली की किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ लें।

## पंजाब सीएम के दिल्ली आवास पर चुनाव आयोग की रेड, अंदर जाने से रोका गया

### रिटर्निंग अफसर बोले- सीविजिल ऐप पर पैसे बांटने की शिकायत मिली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरूवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची है। कपूरथला हाउस के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। टीम को फिलहाल अंदर जाने से रोक दिया गया है। मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा, हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम (एफएसटी) यहां आई थी, जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया। मैं उनसे अनुरोध करने आया हूं कि हमें एक कैमरापर्सन के साथ अंदर जाने दिया जाए। पैसे बांटने की शिकायत सीविजिल ऐप पर मिली थी। सीएम भगवंत मान ने कहा- प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव आयोग को नहीं दिख रहा। वर्मा ट्वीट करके बताते हैं कि वे कहां पैसे बांटेंगे। लेकिन भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी होती है। दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है।

#### आप ने वीडियो जारी कर दावा किया- कैलाश गहलोत लोगों को पैसे बांट रहे

आप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- हार सामने देख, कांप उठी भाजपा। भाजपा की दिल्ली पुलिस पंजाब के सीएम भगवंत मानजी के दिल्ली वाले घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चादर बांट रहे हैं, मगर पुलिस और चुनाव आयोग की आंखों पर तो भाजपाई पट्टी बंधी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजोलिया राव सवाई चन्द्रवीर सिंह के निधन पर जताया शोक



**उदयपुर (पुकार)।** लोकजन सेवा संस्थान ने अपने संरक्षक बिजोलिया राव सवाई चन्द्रवीर सिंह के गत दिनों असामयिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि बिजोलिया राव ने संस्थान की मासिक पत्रिका के प्रारंम्भ्रीक पांच वर्षो तक मुख्य संपादक का दायित्व निर्वाहन करते हुए अक्षय लोकजन को नहीं बुलंदी तक पहुंचाया व पत्रकारिता के सर्वोच्च आयाम स्थापित किये। वें इतिहास व दर्शन शास्त्र के मर्मग्य थे जिन्हे सुनने कोई सभी सदैव लालायित रहते थे। उनके असामयिक निधन से मेवाड़ ने एक युग दृष्टा खो दिया है। महासचिव जयकिशन चौबे ने बताया कि मेवाड़ रियासत में बिजोलिया प्रथम श्रेणी के सोलह उमराओ में है व भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे पचास वर्ष का बिजोलिया आंदोलन एक विशिष्ट पहचान रखता है। संस्थान के अध्यक्ष प्रो विमल शर्मा, महासचिव जय किशन चौबे, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह जोलावास, कानूनी सलाहकार एड मुरलीधर पालीवाल एवं हाजी सरदार महोम्मद ने बिजलिया जाकर उनके पुत्र दिग्विजय सिंह, मृत्युंजय सिंह, पौत्र माघवेन्द्र सिंह सहित परिवार जन नटवर सिंह, सौभाग्य सिंह, यादवेन्द्र सिंह आदि को अपनी व संस्थान सदस्यों की ओर से संवेदना व्यक्त कर सांत्वना दी।

### ग्रीन पीपल सोसाइटी जयपुर में आयोजित करेगी बर्ड फेस्टिवल

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान में हो रहे बर्ड फेस्टिवल की श्रृंखला में पहली बार ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर (जयपुर चैप्टर) द्वारा शनिवार, 1 फरवरी को जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

फेस्टिवल संयोजक रिटायर्ड आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि जामडोली के पास कानोता कैंप रिसोर्ट में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल में लगभग 500 विद्यार्थियों, शिक्षकों व बर्ड प्रेमियों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। सिंह ने बताया कि वन विभाग, पर्यटन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, रीको तथा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित होने वाले इस बर्ड फेस्टिवल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत संभागियों व विद्यार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा और विद्यार्थियों को विद्यार्थी किट, अल्पाहार, पक्षी पहचान पुस्तिका, कार्डबोर्ड नेस्ट, डीआईवाय किट व टोपी का वितरण किया जाएगा। इसके बाद पक्षी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में स्पॉटिंग स्कोप एवं दूरबीन के माध्यम से बर्ड वॉचिंग करवाई जाएगी। साथ ही पेंटिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पक्षी चित्रों पर डाक टिकटों की प्रदर्शनी, पक्षियों पर समूह चर्चा, आर्द्रभूमियों पर सम्मेलन-कार्यशाला आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रशिक्षक, स्कूल शिक्षक, गैर सरकारी संगठनों को सशक्त बनाने के लिए उनके प्रशिक्षण हेतु एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी जिसमें मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं पर बेंगलुरु स्थित विशेष संगठन अली बर्ड द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बर्ड फेस्टिवल में गुजरात से एमके रणजीत सिंह, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के चीफ रवि सिंह, असद रहमानी, ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष व एनटीसीए मेंबर राहुल भटनागर सहित देश–प्रदेश के पर्यावरण व पक्षी विशेषज्ञों द्वारा भाग लिया जाएगा।

**वेटलैंड्स पर कार्यशाला व फील्ड विजिट का रहेगा आकर्षण :** विक्रम सिंह ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 1 फरवरी को वेटलैंड्स पर कार्यशाला-सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें वन एवं पर्यावरण, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल संसाधन, पर्यटन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम और बैंकों आदि के वरिष्ठ अधिकारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के प्रतिनिधि, चयनित गैर सरकारी संगठन, विशेषज्ञ और भाग लेंगे। चिकित्सकों, विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से विचार-विमर्श में भाग लेने की उम्मीद है। वहीं प्रशिक्षकों और संसाधन व्यक्तियों के लिए टीओटी-कार्यशाला का आयोजन होगा जिसमें पक्षियों और उनके आवास आदि के विभिन्न पहलुओं पर बेंगलुरु स्थित एक विशेषज्ञ संगठन 'अर्ली बर्ड' द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर लगभग 25-30 प्रतिनिधियों को फील्ड विजिट करवाई जाएगी। इसके तहत जयपुर के पास बरखेड़ा-चंदलाई-मुहाना, सांभर साल्ट लेक, केएनपी भरतपुर ताल छापर चूरू आदि स्थलों का भ्रमण कराना प्रस्तावित है।

### जिला निष्पादक समिति की बैठक का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** जिला स्तरीय निष्पादक समिति की जनवरी माह की बैठक का आयोजन गुरुवार को जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मिनी सभागार में हुआ।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी 3 फरवरी को सूर्य सप्तमी के अवसर पर जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में सूर्य नमस्कार आयोजन हेतु निर्देश देते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया, साथ ही शाला दर्पण पोर्टल पर जिले की रैंकिंग में आशातीत सुधार हेतु भी निर्देश जारी किए गए।

बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण, जिले में शत प्रतिशत अपार आईडी जारी करने, आधार एवं जन आधार प्रमाणीकरण की स्थिति समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) लोकेश भारती, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) नौनिहाल सिंह, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक वीरेंद्र यादव समेत शिक्षा विभाग के उदयपुर एवं सलूंबर जिले के ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी सहित जंग-ए-आजादी के शहीदों को किया नमन



कलक्ट्रेट परिसर



राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान



ऐश्वर्या महाविद्यालय



देहात जिला कांग्रेस



हिरण मगरी ब्लॉक



खेलगांव



आबकारी भवन

### शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि सभा

### अधिकारी-कर्मचारियों ने दी पुष्पांजलि, दो मिनट का मौन

### रामधुन और बापू के प्रिय भजनों का गायन

**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि गुरूवार को शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस पर अवसर कलक्ट्रेट परिसर में श्रद्धाजंलि सभा हुई।

कलक्ट्रेट परिसर के मध्य स्थित उद्यान में सभी अधिकारी-कर्मचारी एकत्र हुए। जिला कलक्टर के निर्देशन मेंएडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, एसीईओ अंजुम ताहिर सम्मा सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर आजादी की लड़ाई में शहीद हुए सभी शहीदों को नमन किया। कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन वैष्णवजन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाणे रे..... सहित अन्य भजनों और रामधुन का गायन किया। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। संचालन डॉ देवीलाल गर्ग ने किया।

**जिले भर में हुए आयोजन :** शहीद दिवस के अवसर पर जिले भर में निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम हुए। सभी उपखण्ड व तहसील मुख्यालयों, विद्यालयों में महात्मा गांधी को नमन किया। रामधुन व बापू के प्रिय भजनों का गायन व श्रवण किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

**कुष्ठ निवारण की शपथ, जागरूकता रथ को दिखाई हरी झण्डी :** कार्यक्रम के दौरान एडीएम प्रशासन श्री राठौड़ ने सभी कार्मिकों को उदयपुर जिले को स्पर्श कुष्ठ रोग मुक्त कराने तथा कुष्ठ रोगियों से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किए जाने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात स्पर्श कुष्ठ रोग निवारण अभियान जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ रागिनी ने कुष्ठ रोग निवारण गतिविधियों की जानकारी दी।

राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान की ओर से महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने गांधीजी के आदर्शों को जीवन में उतारने की बात कही। गांधीजी ने गरीब की गाय बकरी की उपयोगिता को दृष्टिगत करते हुए बकरी पालन से आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. पदमा मील ने कहा कि गांधीजी सारा जीवन सादगी एवं उच्च विचार से परिपूर्ण रहा, उनके द्वारा दी गई नैतिकता एवं अहिंसा की शिक्षा का महत्व पूरा विश्व आज भी मानता है। डॉ. ओमप्रकाश साहू एवं पशुपालन डिप्लोमा विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखें।

**ऐश्वर्या महाविद्यालय** ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्मारक, टाउन हॉल, उदयपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन गांधी जी की अमिट विरासत और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की याद दिलाने के लिए आयोजित किया गया था। महाविद्यालय ने इस अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया। छात्रों और शिक्षकों ने शौर्य दीर्घा संग्रहालय का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने भारत के नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों की गौरवगाथा को जाना। संग्रहालय की यात्रा ने गांधी जी के आंदोलन और व्यापक स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक संदर्भ में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। छात्रा सलोनी तिवारी ने बताया कि कॉलेज में गांधी जी की शिक्षाओं और दर्शन पर केंद्रित उद्धरण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लियाए गांधी जी के आदर्शों के प्रति अपनी समझ और प्रशंसा का प्रदर्शन किया। चंचल मेघवाल और नितिन बामनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित्रा अहारी ने दूसरा स्थान प्राप्त कियाए जबकि सायना मीणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को गांधी जी के उद्धरणों की उनकी सूझबूझ भरी व्याख्या और अभिव्यक्ति के लिए सम्मानित किया गया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**उदयपुर (पुकार)।** 'शहीद दिवस' पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सूरजपोल स्थित देहात जिला कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व उप जिला प्रमुख लक्ष्मी नारायण पंड्या ने महात्मा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश में जो माहौल बना हुआ है वो किसी से छुपा हुआ नहीं है और इस नकारात्मक माहौल को महात्मा गांधी के जीवन मूल्य और उनके सिद्धांतों पर अमल करके आगे लेकर चलने पर ही खत्म किया जा सकता है। गोष्ठी में पूर्व उपजिला प्रमुख लक्ष्मी नारायण पंड्या, शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल जैन, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस संगठन महासचिव गजेंद्र कोठारी, देहात जिला कांग्रेस महासचिव लक्ष्मी नारायण मेघवाल, डॉ महेश त्रिपाठी, भूपेंद्र चौहान, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित, देहात कांग्रेस सचिव रतन लाल पूर्बिया, दिनेश औदिच्य, गोपाल सरपटा, युवा कांग्रेस के अरमान जैन, डॉ लीला शंकर मेघवाल,महिला कांग्रेस की शांता प्रिंस, पूर्व पार्षद मदन सिंह बाबरवाल, महेंद्र डामोर, लक्ष्मी लाल लोहार, सुरेश तराठी सहित कई पदाधिकारी एवम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं, उदयपुर शहर कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथी पर पुष्पांजलि और गोष्ठी आयोजन किया गया। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धाजलि अर्पित की। साथ ही उनके जीवन शैली अहिंसा के सिद्धान्त और देश में आजादी का योगदान विषय पर गोष्ठी रखकर राष्ट्रपिता को याद किया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जिनका जन्म विश्व कल्याण के लिए हिन्दुस्तान में हुआ। जिन्होंने अहिंसा की ढाल से देश को आजादी दिलाकर अपना जीवन देश के लिए बलिदान किया। ऐसे महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े आदर्श को जीवन में उतारने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संकल्पित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, संगठन महामंत्री अरुण टाक, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, विकास कच्छारा, मंडल अध्यक्ष धर्मेश मालवीय, ऋतुराज मिश्रा, अमित सुहालका, शहर जिला कांग्रेस सचिव सुरेश सोलंकी, पंकज पोखरणा, गोविंद सक्सेना, महेश मेनारिया सहित कई पदाधिकारी एवम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उदयपुर ग्रामीण विधानसभा के हिरण मगरी ब्लॉक द्वारा सेक्टर 11 स्थित उदयपुर ग्रामीण कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक एवं प्रधान गिर्वा सज्जन कटारा एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य डॉ. विवेक कटारा ने महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डॉ. विवेक कटारा ने कहा कि अहिंसा के पुजारी गाँधी जी ने पुरे विश्व को शान्ति व सत्य का सन्देश दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रमोद मेनारिया, मण्डल अध्यक्ष हजारी रजक, राजकुमार मेनारिया, गीता सुहालका, मंजु कक्कर, वंदना राठौड़, मोहिनी गौरना आदि मौजूद थे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने खेलगांव स्थित प्रत्यूष भवन में बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर को शहीद दिवस के रूप में मनाते हुए गांधी जी के विचारों और आदर्शों को नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के सदस्यों एवं शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात रामधुन एवं गांधी जी के प्रिय भजनों का सामूहिक गान किया गया, जिसके बाद उपस्थित सभी जनों ने दो मिनट का मौन रखकर बापू को स्मरण किया। अपने संबोधन में पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित था। उन्होंने बिना किसी हथियार के ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक अहिंसक आंदोलन खड़ा किया और भारत की स्वतंत्रता में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर सुभाष चित्तौड़ा, अशोक तंबोली, उमेश शर्मा, चतरू देवासी, अशोक राव, आशा जाट, महेंद्र पाल, केहरा राम, शालिनी, किस्तुरा राम,हरदीप सिंह, सुमन, विक्रम सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे और सभी ने गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**शहीद दिवस राष्ट्रपिता महात्मा** गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आबकारी भवन उदयपुर के सभागार में गुरूवार को प्रातः 11 बजे दो मिनट के मौन का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई। इससे पूर्व अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर वित्तिय सलाहकार सुनीता विजय, मुख्य लेखाधिकारी गणेशीलाल जाट, विभिन्न अनुभागों के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

**जनार्दनराय नागर राजस्थान** विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभागार में गुरूवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि व शहीद दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि गांधी जी देश में स्वराज्य के साथ रामराज्य के भी प्रबल पक्षधर थे। वे इन दोनों को अन्योन्याश्रित मानते थे और उनके मन मस्तिष्क में इन दोनों की तस्वीरें बिल्कुल साफ थी। '' मेरे सपनों का भारत '' में उन्होंने लिखा था कि भारत मूल रूप में कर्मभूमि है , भोगभूमि नहीं, और कर्मभूमि को लेकर मेरा सबसे बड़ा स्वप्न है रामराज्य की स्थापना।

कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि जब भी महात्मा गांधी का नाम लिया जाता है तब सबसे पहले जहन में दो शब्द आते है वो है सत्य और अंहिसा। गांधी जी ने सत्य के प्रति अडिग रहकर अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया, उन्होंने अपने विचारों से न केवल भारत को आजादी दिलायी, बल्कि समाज में अनेक सुधार भी किए।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, भगवती लाल श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. हेमंत साहू, लहरनाथ, जयप्रकाश, रजनी पी., सिद्धार्थ, विकास डांगी, विजयलक्ष्मी सोनी, सहित कार्यकर्ताओं ने बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।

विद्यालयी अंडर 19 वर्ष छात्रा राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# मेजबान राजस्थान ने 177 रन से जीत दर्ज की, वृंदा शर्मा ने खेली 101 रन की नाबाद पारी

### दूसरे दिन कुल 12 मुकाबले खेले गए

**उदयपुर (पुकार)।** एसजीएफआई द्वारा एमजीजीएस सुन्दरवास की मेजबानी में आयोजित विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को कुल 12 लीग मुकाबले खेले गए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ लोकेश भारती ने बताया कि बीएन कॉलेज खेल मैदान पर राजस्थान व आईपीएससी दिल्ली के बीच हुए लीग मैच में राजस्थान की टीम ने 177 रन से जीत दर्ज की। राजस्थान टीम में 101 रन बनाकर नाबाद रही वृंदा शर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर



चौबीसा ने बताया कि टॉस जीतकर राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आईपीएससी दिल्ली को 216 रन का लक्ष्य दिया जवाब में राजस्थान की घातक गेंदबाजी के चलते दिल्ली टीम 18 ओवर में मात्र 38 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। घातक गेंदबाजी करते हुए राजस्थान टीम में उदयपुर जिले की खिलाड़ी अल्पना रावत ने तीन ओवर में मात्र 6 रन देकर तीन विकेट झटके। वही हैप्पी कुमारी ने तीन ओवर तीन बॉल में मात्र सात रन देकर तीन विकेट और कीर्ति उपाध्याय ने चार ओवर में मात्र 11 रन देकर दो विकेट लिए।

दूसरी ओर दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की और दिल्ली ने 71 रन से विजय प्राप्त की। आयोजन सचिव आशुतोष तुली ने बताया कि पंजाब और आंध्र प्रदेश के बीच हुए मुकाबले में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच मुकाबला में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और झारखंड के बीच हुए मुकाबले में झारखंड, गुजरात और छत्तीसगढ़ के हुए मैच में छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और सीबीएसई डब्लूएसओ के बीच मुकाबले में सीबीएसई डब्लूएसओ विजेता रही। आयोजन समिति के गोपाल मेहता ने बताया कि उत्तर प्रदेश और केरल के बीच हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश, सीआईएससीई और हरियाणा के बीच हुए मुकाबले में हरियाणा, झारखंड और सीबीएसई डब्लूएसओ के मुकाबले में झारखंड, बिहार और तेलंगाना के बीच हुए मुकाबले में बिहार और दिल्ली और पंजाब के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली ने जीत हासिल की।

# विट्टी इंटरनेशनल विद्यालय में दो दिवसीय खेल दिवस का आयोजन



### 50 मीटर, 200 मीटर फ्लेट रेस, 200 मीटर व 400 मीटर रिले रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** आत्मविश्वास से जुनून को इस कदर बढ़ाओ, खुद को इस दुनिया का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनाओ इसी बात को चरितार्थ करते हुए सुखेर स्थित विट्टी इंटरनेशनल विद्यालय में दो दिवसीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका प्रीति सोगानी ने बताया कि प्राचार्य बिजो कुरियन, सी.ए.आई.ई की प्राचार्या दीपा चक्रवर्ती तथा मुख्य अतिथि अनूप दवे (राजस्थान क्रिकेट टीम के वरिष्ठ चयन समिति के सदस्य), कृष्णा कुंवर गहलोत (विश्व रिकार्ड धारक एवं स्केटिंग कोच), डॉ. हनुमत सिंह राजपुरोहित (पुलिस इंस्पेक्टर) की उपस्थिति में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आगाज़ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा खेल के प्रति प्रेरित करने वाले गीत तथा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने रूबी, एमरेल्ड, सफायर तथा टोपाज सदन के अनुसार परेड करते हुए मुख्य अतिथियों को सलामी देते हुए मशाल प्रज्ज्वलित की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी तथा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा कर्राटे ड्रील तथा कक्षा पाँचवीं से नवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा कार्ड ड्रील, क्लेप ड्रील, रिदमिक ड्रील, एरोबिक्स ड्रील तथा कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा योगा ड्रीलआयोजित की गई। कक्षा तीसरी से लेकर ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रूबी, एमरेल्ड, सफायर तथा टोपाज सदन के अनुसार 50 मीटर फ्लेट रेस, 200 मीटर फ्लेट रेस, 200 मीटर रिले रेस, 400 मीटर रिले रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही कक्षा पाँचवीं से लेकर ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल मैच प्रतियोगिता, क्रिकेट मैच प्रतियोगिता, बास्केटबॉल प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता तथा कैरम प्रतियोगिता का आयोजन भी सदन के अनुसार ही किया गया। उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं में सदनानुसार प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र सहित स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक तथा विजयी सदन को ट्रॉफी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अनूप दवे, कृष्णा कुंवर गहलोत तथा डॉ. हनुमत सिंह राजपुरोहित ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वचनों के रूप में खेलों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए क्योंकि इनसे शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। खेलकूद के द्वारा भी उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। राष्ट्रगान के साथ दो दिवसीय खेल-दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया।

पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने एसीसीए में रचा इतिहास

# दिसंबर अटेम्प्ट में 5 छात्रों ने एसीसीए एफिलिएट बनकर किया संस्थान का नाम रोशन

**उदयपुर (पुकार)।** पीएफसी एज्यूकेशन के छात्रों ने दिसंबर अटेम्प्ट में पाँच होनहार छात्रों ने एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफ़ाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) की परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर एसीसीए एफिलिएट बननें का गौरव प्राप्त किया है। यह सफलता न केवल इन छात्रों के लिए, बल्कि संस्थान के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।



संस्थान की निदेशक मिनाक्षी भेरवानी ने बताया कि एसीसीए एफिलिएट रोहन जैन (एसबीएल-71 प्रतिशत), गुंजन वाधवानी (एसबीएल-54 प्रतिशत),फलक दंगरवाल, मीना सुतार (एएफएम-55 प्रतिशत), प्रियांसी जैन (एएफएम-53 प्रतिशत), प्रोफेशनल स्तर पर हार्दिक सिंघवी (एसबीएल-55 प्रतिशत),वंदना धनजानी (एसबीएल-71 प्रतिशत), हर्षदीप बाबेल(एसबीएल-57 प्रतिशत), हनीषा सेखवानी (एसबीएल-55 प्रतिशत), बुरहानुद्दीन पाइपरमेंट (एसबीएल-63 प्रतिशत), पवित्र भट्ट (एसबीएल-58 प्रतिशत),हुसैन अली बोहरा (एएफएम-52 प्रतिशत), स्किल स्तर पर खुशी तेजवानी (एफआर-82 प्रतिशत), अली असगर पटवा (एफआर-62 प्रतिशत), हसन मोहम्मद(एफआर-55 प्रतिशत),मोइज़ तमाटिया (एफआर-54 प्रतिशत), हीरल कस्तूरी (एफआर-56 प्रतिशत),चक्षु रांका (एफआर-71 प्रतिशत), तुषार शिवनानी (एफआर-58 प्रतिशत), मोहम्मद पृथ्वीराज (एफआर-50प्रतिशत), जीत भट्ट (एफआर-54 प्रतिशत),श्रृष्टि कुमावत (एफआर-66 प्रतिशत), हार्दिक सिंघवी (पीएम-55 प्रतिशत),हुसैन अली बोहरा (टैक्स-66 प्रतिशत), मनीषा सुवालका (एफएम-64 प्रतिशत),अनुष्का खमसेरा (एफएम-62 प्रतिशत), तंज़ील अमर (एफएम-76 प्रतिशत),प्रथम नेभनानी (एफएम-84 प्रतिशत), दीपांशु बोहरा (एफएम-68 प्रतिशत),श्रृष्टि कुमावत (एफएम-65 प्रतिशत), महीप राठौरा (एफएम-68 प्रतिशत),मानन बबेल (एफएम-63 प्रतिशत), चक्षु रांका (एफएम-54 प्रतिशत), प्रियांश विजय (एफएम-74 प्रतिशत),आदित्य नागड़ा (एए-59 प्रतिशत), आस्था मंडान (एए-55 प्रतिशत) प्राप्त किये।

उन्होंने बताया कि नॉलेज स्तर की परीक्षा में सैयद ओज़ान अली (एफए- 71 प्रतिशत), महक पामेचा (एमए-54 प्रतिशत ),विदी अग्रवाल (एमए-73 प्रतिशत) ने प्राप्त किये।

पीएसी एज्यूकेशन के लिए यह सफलता एक नई दिशा की ओर इशारा करती है। संस्थान की निदेशक मीनाक्षी भेरवानी ने इस अवसर पर कहा कि यह सभी छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इन छात्रों ने दिन-रात मेहनत की और इस सफलता को प्राप्त किया। हम उनके उज्जवल भविष्य के लिए उनके साथ खड़े हैं और उन्हें इस रास्ते पर सफलता की ऊँचाइयाँ छूने की शुभकामनाएँ देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसयूआई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित



**उदयपुर (पुकार)।** एनएसयूआई द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया। देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि देश की आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश का प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्र के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है। गांधी जी ने हमेशा देश को प्राथमिकता दी जिससे देश के लोगों में आपसी सौहार्द एवं बंधुत्व की भावना का विकास हुआ। श्रद्धांजलि अर्पित करते समय छात्र संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश महासचिव गोपाल गायरी, छात्र नेता समीर मेघवाल, गौरव जोशी आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**आकोला।** क्षेत्र के कबीर की भागल राजकीय प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भुपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुस्ताक अहमद शाह ने की। अति विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व उप प्रधान भीम सिंह झाला, जिला परिषद सदस्य शंभू लाल गाडरी, उपसरपंच होशियार सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष हेमराज माली, जयराम मेघवाल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शोभा देवी जाट, महेंद्र सिंह झाला एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य वासुदेव चरण, सेवानिवृत प्राध्यापक रामलाल खटीक, आकोला पीईईओ अनिल शर्मा, चोरवडी कन्हैया लाल मेनारिया, मुरला अशोक रेगर, गुंदली गोवर्धन लाल, ताना रामकिशन यादव। इस मौके पर उदय लाल छिपा, देवीलाल जाट, प्रहलाद सिंह भाटी, लाल सिंह भाटी, पूर्व सरपंच एसएमसी अध्यक्ष मोहन लाल गाडरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही विद्यालय में कार्यरत अध्यापक भूपेंद्र सिंह गुर्जर, अध्यापिका सोनम तुसावड़ा, प्रधानाध्यापक कालू सिंह झाला को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत ने 150000 रुपए की लागत से विद्यालय में छत मरम्मत एवं दो कक्षा कक्ष निर्माण एवं गांव में सीमेंट सड़क के निर्माण हेतु बजट पारित करने की घोषणा की। स्थानीय विद्यालय के अध्यापक भूपेंद्र गुर्जर ने विद्यालय में सरस्वती मंदिरों निर्माण की घोषणा की व आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल शर्मा ने किया।

### प्रेम विवाह से नाराज परिजनों द्वारा युवती का अपहरण

**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने उसके पति से मारपीट कर उसकी पत्नी का अपहरण कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रकाश पुत्र रतनलाल डांगी निवासी मानपुरा लखावली ने रिपोर्ट दी कि 29 जनवरी को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह अपने घर पर था, तभी कार में सवार कुछ लोग उसके घर में घुसे। इस दौरान उसके पिता से मारपीट की। पत्नी दुर्गा डांगी के साथ भी मारपीट कर उसे ले गए। आरोपियों में उसके ससुराल पक्ष के खेमराज डांगी निवासी घोडच, मनीष, पीयूष, नरेन्द्र और चार-पांच आदमी व औरतें थी। उसकी बहन व पिताजी का फोन भी छीन कर लेकर चले गए।

### समग्र विद्यालय अनुदान का भौतिक सत्यापन

**मावली (पुकार)।** संभाग मूल्यांकन कार्यालय, उदयपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा द्वारा राजकीय विद्यालयों में आवंटित मद समग्र विद्यालय अनुदान का मूल्यांकन किया जा रहा है। दल के सदस्य हेमंत शर्मा अनुसंधान सहायक ने ब्लॉक कार्यालय के दल के साथ गुरुवार को राउमावि धोलीमंगरी, पलाना खुर्द एवं बालिका मावली गांव का समग्र मूल्यांकन किया। तीनों विद्यालयों में रिकॉर्ड की जांच के साथ विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग, साफ सफाई, विद्यार्थियों से चर्चा, शैक्षिक स्तर की जांच, गुणवत्ता आदि का भौतिक सत्यापन किया गया। धोलीमंगरी एवं मावली गांव विद्यालयों में विद्यालय परिसर के रंग-रोगन की प्रशंसा की। पलाना खुर्द विद्यालय में पुस्तकालय व्यवस्था प्रेरणा लायक देखी गई। पलाना खुर्द विद्यालय में सामुदायिक मुखियाओं के प्रशिक्षण में वार्ता देने का शर्मा को अवसर प्राप्त हुआ। शर्मा ने विद्यालय के समग्र मूल्यांकन को उत्तम बताया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अनुसंधान सहायक हेमंत शर्मा के साथ ब्लॉक के दल में बालिका मावली गाँव के प्रधानाचार्य रोशन लाल माखिजा, शिव शंकर आचार्य, समग्र शिक्षा मावली से सहायक लेखाधिकारी आशीष कुमावत, चुन्नी लाल अहीर विद्यालयों में भौतिक सत्यापन के समय उपस्थित रहे।

### मरू उड़ान कार्यक्रम की बनाई रणनीति

**उदयपुर।** धन लक्ष्मी महिला समृद्धि केन्द्र गिर्वा पर मरू उड़ान कार्यक्रम को लेकर महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की योजना की समीक्षा, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के परामर्शदाताओं की बैठक हुई।

इस दौरान बताया गया कि राजस्थान में 9 जनवरी से मरू उड़ान कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी ने प्राप्त प्रकरण, लम्बित प्रकरण एवं जिला स्तर से सहयोग से अपेक्षित प्रकरण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के तहत प्रचार, कमेटी गठन की प्रगति, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र योजना के प्रभावी कियान्वयन को लेकर कार्ययोजना बिन्दुओं पर चर्चा की।

संरक्षण अधिकारी ने उदयपुर एवं सलूंबर जिले में संचालित महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र पर परामर्शदाताओं को काउंसलिंग के दौरान ध्यान रखने वाली बातों से अवगत कराया। जेंडर स्पेशलिस्ट विमला वीरवाल ने बताया कि वर्तमान समयानुसार महिलाओं व युवतियों का वाहन चलाना आवश्यक है, उतना ही उन्हें यातायात नियमों की जानकारी होना भी आवश्यक है। उन्होंने ट्रैफिक लाइट तथा ट्रैफिक चिन्हों की जानकारी दी।

### 30 किलो गांजे की खेप पकड़ी

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के कोटड़ा वृत्त क्षेत्र में पुलिस ने 30 किलो गांजे की खेप पकड़ी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा के निर्देशन में क्षेत्र में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में टीम का गठन किया, जिसमें पुलिस सहायक उपनिरीक्षक इन्दर सिंह, कांस्टेबल श्यामलाल, भानूप्रकाश, विक्रम सिंह, दशरथ, व चालक सुरेन्द्र सहित 6 अन्य पुलिकर्मियों सहित बड़ली गांव में बताई गई जगह पर दबिश दी। पुलिस को आरोपी के घर से किसी प्रकार की बरामदगी नहीं हुई।

इस पर पुलिस टीम द्वारा भोजिया पुत्र केसरा लाउर के मकान के पास के खेत में गहनता से छानबीन की तो मक्का की फसल के बीच में तकरीबन 29 किलो गांजा एक कपड़े के पोटले में बंधा पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी भोजिया पुत्र केसरा के विरुद्ध एनडीपीएस में प्रकरण दर्ज कर लिया। कार्रवाई की भनक लगने के कारण आरोपी पहले से ही फरार है। मामले की जांच पानरवा थानाधिकारी धनपत सिंह द्वारा की जा रही हैं।

### नगर निगम अग्निशमन शाखा की शहर में लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई

# सुरक्षा मापदंडों में लापरवाही पर 4 होटल सीज

#### लगातार होगी कार्यवाही : आयुक्त





**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम अग्निशमन शाखा द्वारा सुरक्षा मापदंडों में लापरवाही पाए जाने पर लगातार दूसरे दिन 4 इमारतों को सीज करने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त राम प्रकाश ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि शहर की बड़ी एवं रिहायशी ईमारतें जैसे शोपिंग मॉल, होटल्स, कोचिंग संस्थानें, स्कूल, हॉस्टल, पेट्रोल पम्प, रेस्टोरेंट एवं व्यावसायिक गतिविधि करने वाले समस्त स्थल पर यदि सुरक्षा मापदण्डों में कोई कमी है तो उसको नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर पूर्व में शहर की कई प्रमुख ईमारतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान फायर ऑफिसर शिवराम मीणा, नवदीप सिंह बग्गा आदि भी मौजूद रहे। टीम द्वारा की गई जांच में जिन ईमारतों ने सुरक्षा मापदण्ड नहीं अपनाए थे उन्हें नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किये गए। नोटिस मिलने के उपरान्त भी सुरक्षा हेतु जारी निर्देश की पालना नही करने के कारण गुरुवार को नगर निगम अग्निशमन दल ने सेक्टर-13, हिरण मगरी स्थित रॉयल आईकॉन होटल, ऑक्सीऑन होटल एवं हरिदास जी की मगरी स्थित होटल अगवानी तथा ईमली घाट चांदपोल स्थित उम्मेद होटल को सीज करने की कार्यवाही की गई।

**कभी भी घटित हो सकता है बड़ा हादसा :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शहर में कई होटल एवं रेस्टोरेंट तंग गलियों में बनाए गए हैं जहां पर आपातकाल स्थिति में फायर ब्रिगेड अथवा कोई भी अन्य आवश्यक कदम तत्काल नहीं उठाए जा सकते हैं। इसलिए होटल एवं रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यावसायिक स्थान पर आवश्यक सुरक्षा उपकरण निश्चित रूप से लगे हुए होने चाहिए। नगर निगम द्वारा बार-बार शहर में स्थित सभी बड़ी एवं व्यावसायिक इमारत पर सुरक्षा मापदंडों को लेकर निर्देश जारी किए गए लेकिन हर बार निर्देश को अनसुना किया गया। इन स्थानों पर कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है एवं जान एवं माल का नुकसान हो सकता है। अतः सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा मापदंडों को लेकर किसी भी तरह की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त योग्य नहीं होगी।

**जारी रहेगी कार्रवाई :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि स्वायत्त शासन विभाग राज सरकार नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के तहत लाईफ एण्ड सेफ्टी के तहत जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से शहर में निर्मित होटल रेस्टोरेन्ट एवं अन्य व्यावसायिक गैर व्यावसायिक इमारत में सुरक्षा मापदंडों को लेकर आकस्मिक जांच की जाएगी। जांच में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी इमारत में सुरक्षा को लेकर कुछ कमी है तो वह उस कमी को पूरा कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करें। साथ ही नगर निगम अग्निशमन शाखा से एनओसी प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त करें। यदि भवन मालिकों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से कोई कमी रखी जाएगी तो ऐसी इमारतों को नगर निगम अग्निशमन द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सीज किया जाएगा।

## यू डी टैक्स वसूली को लेकर निगम सख्त, 2 स्थानों पर सीज की कार्यवाही




**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स को लेकर सख्त कार्रवाई की गई है गुरुवार को फिर से राजस्व शाखा द्वारा दो प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 संपतियों को सीज किया गया। गुरुवार को टक्कर बप्पा कॉलोनी सूरजपोल में सुशीला मेहता एस. एस. मेहता की संपत्ति जिसका नगरीय विकास कर कुल 12,75,070/- बकाया था जिसे सीज किया गया। वहीं रामपुरा चौराहा स्थित रॉयल गार्डन का कुल 11,79,759/- रुपए नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। निगम ने नोटिस में अंकित किया की नगरीय विकास एंव स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5513 दिनांक 29.00.2007 एंव अधिसूचना क्रमांक 8884 व 9356 दिनांक 24.08.2016 के तहत के वर्ष 2007 से 2023 तक उक्त संपत्ति का नगरीय विकास कर की पूरी रकम बकाया है। संबंधित फर्मो द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु तीनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। 1 वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका शहरवासी लाभ लेवे। जिसे भी अपनी संपत्ति को सीज होने से बचाना है वह जल्द से जल्द नगर निगम में अपना बकाया यूडी टैक्स जमा करावे।

## कावेरी पैलेस होटल सील प्रकरण में राहत

#### होटल व्यवसायियों की पहल सफल

**उदयपुर (पुकार)।** कावेरी पैलेस होटल के सील प्रकरण में राहत की खबर सामने आई है। होटल व्यवसायियों के प्रयासों से होटल मालिक सुधीर कौशल को बड़ी राहत मिली है।



इस संदर्भ में होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और बिज़नेस सर्कल इंडिया टूरिज्म के चार्टर प्रेसिडेंट यशवर्धन राणावत के नेतृत्व में एंटी करप्शन एंड क्राइम कमेटी के अध्यक्ष पवन जैन 'पद्मावत' ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी से मुलाकात की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में राणावत ने होटल व्यवसायियों की चिंताओं और समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखा, जिसके बाद कावेरी पैलेस होटल से जुड़ी परेशानियों का समाधान निकला। यह पहल न केवल होटल व्यवसायियों के लिए बल्कि शहर के पर्यटन उद्योग के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने कहा कि होटल व्यवसायियों के अधिकारों और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। वहीं, पवन जैन पद्मावत ने भी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया।यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि संगठित प्रयासों से व्यापारिक समुदाय को न्याय दिलाया जा सकता है।

उदयपुर जैसे पर्यटन नगरी में होटल व्यवसायियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होना आवश्यक है ताकि पर्यटन और शहर की अर्थव्यवस्था प्रभावित न हो। राणावत के अनुसार अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी का रवैया बहुत ही सकारात्मक रहा। बिज़नेस सर्किल इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा की बीसीआई टूरिज्म और होटल एसोसिएशन पर्यटन हितधारकों व धरातल के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

## होटल व्यवसायियों द्वारा फायर एनओसी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय देने की मांग



**उदयपुर (पुकार)।** होटल एसोसिएशन सचिव उषा शर्मा ने बताया आज होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही के नेतृत्व में फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी से भेंट की। होटल एसोसिएशन ने फायर एनओसी के लिए आवेदन करने हेतु अतिरिक्त समय देने की मांग की है शहर में सीमित संसाधन और वेंडर की कमी के कारण अतिरिक्त समय की आवश्यकता है । बाबूलाल चौधरी द्वारा जल्द ही होटल व्यवसायियों से फायर सिस्टम लगाकर फायर एनओसी आवेदन करने के लिए कहा है ।

पदाधिकारीयों ने प्रशासन से अपील की है इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए उन्हें फायर एनओसी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। होटल व्यवसायी अग्निशमन संसाधन लगाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव उषा शर्मा, सदस्य डॉक्टर पृथ्वीराज सिंह चौहान उपस्थित थे।

## प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए अंग्रेजी का ज्ञान जरूरी : परमार

**खेरवाड़ा।** विधायक डॉक्टर दयाराम परमार ने उपखण्ड नयागांव की ग्राम पंचायत पहाड़ा के बन्जारवाड़ा ( आडीवली) गांव में विधायक मद, पंचायत समिति नयागांव के मद एवं जिला परिषद के मद से निर्मित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम बालिका राउमावि आडीवली के दो कक्षा कक्षों, गांव में रोड लाइट एवं गांव के प्रवेश द्वार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक व राजस्थान प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है।

ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति अपने बच्चे को महंगे प्राइवेट विद्यालय में नहीं पढ़ा सकता। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों के बच्चों को प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय खोले हैं। डाक्टर परमार ने पूर्व जिला प्रमुख केवल चन्द लबाना व ग्रामीणों की मांग पर आने वाले बजट में विधायक मद से आडीवली गांव में इन्टर लोकिंग टाइल्स का कार्य कराने का आश्वासन दिया।

डाक्टर परमार ने बिजली का बटन दबाकर रोट लाइट का उद्घाटन किया। अध्यक्षता पंचायत समिति नयागांव की प्रधान कमला परमार, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्या विशल्या कोठारी, पूर्व जिला प्रमुख केवल चन्द लबाना, स्थानीय सरपंच इन्दु देवी गरासिया थी।

समारोह में देहात जिला कांग्रेस कमेटी उदयपुर के संगठन महासचिव गजेन्द्र कोठारी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खेरवाडा के प्रवक्ता गणेश मीणा, डीलर एशोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश कलाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रेम प्रकाश लबाना आदि मौजूद थे।

## बिना स्वीकृति बना ली दो मंजिला इमारत, निगम ने किया सीज

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के हरिदास जी की मंगरी क्षेत्र में निगम की बिना अनुमति के ही भूखंड मालिक द्वारा दो मंजिला इमारत का निर्माण करवा दिया गया जिसकी जानकारी मिलने पर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने तुरंत आदेश देकर निर्माणाधीन भवन को सीज करने की कार्रवाई की गई।



नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया है कि शहरवासी शहर में किसी भी तरह का निर्माण नगर निगम से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही करवाए। लेकिन शहर के हरिदास जी की मंगरी पर एक भूखंड मालिक द्वारा अपने भूखंड पर बिना नगर निगम की अनुमति दो मंजिला इमारत का निर्माण करवा दिया, जिसकी शिकायत मिलने पर आयुक्त ने तुरंत सीज करने के आदेश दिए। आदेश की पालना में निगम राजस्व निरीक्षक विजय जैन, मोहित अग्निहोत्री, राहुल मीणा, पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी द्वारा निर्माणाधीन भवन को सीज किया गया।

## रिश्वत के आरोपी वीडीओ को भेजा जेल

**उदयपुर (पुकार)।** वेतन बिल बनाने की एवज में 16 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ)को एसीबी बांसवाड़ा ने यहां न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी ने 25 हजार रुपए की मांग की थी।

प्रकरणानुसार एसीबी बांसवाड़ा को एक शिकायत मिली थी। इसमें भापोर निवासी रकमचंद पुत्र वालुराम बामनिया ने बताया कि उसके पिता अटल सेवा केन्द्र भापोर में ठेके के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते है। उसके पिताजी को पिछले पांच माह का वेतन भुगतान नहीं हुआ। वेतन बिल बनाने के एवज में ग्राम पंचायत भापोर के वीडीओ प्रभुलाल पुत्र मावजी पारगी निवासी ठीकरिया उसे 25 हजार की मांग कर परेशान कर रहे है। आरोपी बाद में परिवादी से 20 हजार रुपए रिश्वत राशि लेने पर सहमत हो गया और 4 हजार रुपए ले लिए। बाकी के 16 हजार रुपए लेते गिरफ्तार किया था।

## डीजल का अवैध व्यापार करते एक गिरफ्तार

**वल्लभनगर (पुकार)।** उपखंड क्षेत्र के भटेवर से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अवैध डीजल का व्यापार करते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा चलाए जा रहे अवैध डीजल एवं पेट्रोल भंडारण व व्यापार की रोकथाम अभियान के दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली की भटेवर में होटल महादेव पर अवैध डीजल व पेट्रोल का व्यापार किया जा रहा है। इसके बाद वृत्त अधिकारी द्वारा रसद अधिकारी उदयपुर मनीष भटनागर को सूचित किया गया। सूचना पर जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर एवं निशा मुंदड़ा, हिमानी सिंह सोलंकी, विक्रय अधिकारी बीपीसीएल नवतेज सिंह मौके पर पहुंचे। वही वृत्त अधिकारी द्वारा खेरोदा थाना अधिकारी सुरेश विश्नोई को पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।

जिला रसद अधिकारी मय टीम द्वारा महादेव होटल संचालक जगदीश पुत्र पृथ्वीराज अहीर निवासी खोखरवास की होटल पर डीजल एवं ऑयल की सैंपलिंग की। टीम द्वारा 10 प्लास्टिक के ड्रमों में 235 लीटर अवैध डीजल एवं 2 हजार लीटर अवैध ऑयल जब्त किया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा परिवहन में प्रयुक्त वाहन पिकअप को भी जब्त किया गया। पुलिस व रसद विभाग की टीम द्वारा बिना किसी वैद्य दस्तावेज के अवैध रूप से हाईवे पर डीजल व ऑयल का अवैध रूप से भंडारण कर व्यवसाय करने के लिए जगदीश पुत्र पृथ्वीराज अहीर निवासी खोखरवास को गिरफ्तार किया।

उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से रिमांड पर लिया गया। कार्रवाई में जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर, रसद विभाग से निशा मुंदड़ा, हिमानी सिंह, बीपीसीएल के विक्रय अधिकारी नवतेज सिंह, थाना अधिकारी सुरेश विश्नोई, कांस्टेबल नितेश, नवीन, कांस्टेबल चालक लीलाराम ने सहयोग किया।

## गिव अप अभियान : उदयपुर में अब तक 1945 परिवारों के 8082 सदस्य खाद्य सुरक्षा सूची से बाहर

#### खाद्य सुरक्षा सूची से स्वैच्छिक नाम हटवाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

#### अंतिम तिथि के बाद निष्कासन श्रेणी में शामिल लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने तथा अपात्र लोगों को सूची से हटाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सरकार की ओर से गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रसद विभाग की ओर से निष्कासन श्रेणी में शामिल लोगों के नाम हटवाने को लेकर विशेष मुहिम चलाई गई। इसके तहत अब तक उदयपुर जिले में 1945 परिवारों के 8000 से अधिक सदस्यों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना सूची से हटाए जा चुके हैं। गिव अप अभियान के तहत स्वैच्छिक रूप से नाम हटवाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है। निर्धारित तिथि तक स्वैच्छिक रूप से नाम नहीं हटवाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**यह हैं निष्कासन श्रेणियां**

जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव-अप अभियान में खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अधिसूचना दिनांक 27.09.2018 के अन्तर्गत निष्कासन श्रेणी तय की गई है। इसमें वह परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, वह परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्ध सरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, परिवार की वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) को शामिल किया गया है।

**8082 लोगों के नाम हटाए**

जिला रसद अधिकारी श्री भटनागर ने बताया कि उदयपुर जिले में जिला रसद अधिकारी प्रथम अंतर्गत गिव अप अभियान के तहत अब तक प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर 1127 राशन कार्डों में शामिल 4575 सदस्यों तथा जिला रसद अधिकारी द्वितीय अंतर्गत 818 राशन कार्डों में शामिल 3507 सहित कुल 8082 सदस्यों को खाद्य सुरक्षा सूची से हटाया गया है।

**31 जनवरी तक अंतिम अवसर :** जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा सूची में कई अपात्र परिवार शामिल हैं, जबकि कई पात्र परिवार इस सुविधा से वंचित हैं। इसके लिए सरकार ने गिवअप अभियान चलाया, ताकि निष्कासन श्रेणी में शामिल स्वैच्छिक रूप से अपना नाम हटवा लेवें। इसके लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 (शुक्रवार) निर्धारित है। तय तिथि के बाद उक्त श्रेणियों के अपात्र परिवार के चिन्हीकरण के लिए सर्वे करवाया जाएगा तथा अपात्र पाए जाने पर परिवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।


## कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग संभाग – प्रथम, उदयपुर

क्रमांक :- ACE/NIT/2024-25/D-88/.    दिनांक : 20.1.2025

### निविदा संख्या – 16/2024–25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के ए, एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 1 (एक) भवन निर्माण कार्य के लिए ई- प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | भवन निर्माण कार्य - कुल 1 (एक) कार्य |
| निविदा की कुल लागत | राशि रु.441.00 लाख |
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 23.01.2025 प्रातः 9:30 बजे से 13.02.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 14.02.2025 सांय 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी ।

NIB - PWD2425A3845
UBN:- PWD2425WSOB13891
DIPR/C/914/2025

(अशोक कुमार शर्मा)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
सा.नि.वि. सम्भाग - प्रथम उदयपुर

# बालकों को अपराध से दूर कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ना पुलिस की प्राथमिकता

● बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ.निराला ने बाल सुरक्षा व विकास के लिए लागू किए कानूनों की दी जानकारी

**राजसमंद (पुकार)।** पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन एवं एएसपी महेंद्र पारीक के मार्गदर्शन में जिला विशेष शाखा में संचालित किए जा रहे प्रशिक्षण में युनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार निराला ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर एसपी त्रिपाठी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को बताया कि थाना क्षेत्रों में कार्य करते समय पुलिस अधिकारियों को बालकों को अपराधों से दूर रखने के साथ ही समाज की मुख्यधारा में जोड़ने पर प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि



पुलिस प्राथमिकताओं में बाल संरक्षण और महिला सुरक्षा जैसे विषयों को सम्मिलित किया गया है। प्रशिक्षण में यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ निराला ने पुलिस अधिकारियों से जिले में बाल संरक्षण से संबंधित मुख्य समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर बालकों की सुरक्षा और विकास के लिए लागू किए गए विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भी कई बार बालकों की सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं पर अनुसंधान के दौरान उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए पुनर्वास पर ध्यान देना आवश्यक है। युनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार सिन्धु बिनुजीत ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए वर्ष के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बैठक में एएसपी महेन्द्र पारीक व महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ एएसपी रजत बिश्नोई सहित अन्य अधिकारियों ने भी विचार रखे।

## देश नहीं मिटने दूंगा, अहिंसा दीप नहीं बूझने दूंगा

गांधी सेवा सदन में शहीद दिवस का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला प्रशासन एवं गांधी सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहीद दिवस पर जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृज मोहन बैरवा, जिला प्रमुख



रतनीदेवी चौधरी, सीडीईओ मुकुन्द बिहारी तथा गांधी सेवा सदन मंत्री डॉ महेन्द्र कर्णावट ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर देश के ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राष्ट्रभक्ति गीत एवं भजनों का मधुर संगान कर शहीदों को भाव सुमन समर्पित किए। बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए... का संगान कर सत्य, अहिंसा को अपनाने का संदेश दिया। चावली चौधरी ने राष्ट्रपिता को भावांजलि देते हुए मैं देश नहीं मिटने दूंगा... कविता का पाठ किया। सम्पूर्ण परिषद ने रामधुन रघुपति राघव राजा राम... के समवेत स्वर के साथ ही प्रातः 11 बजे शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा स्पर्श का हुआ शुभारंभ

● सीएमएचओ और पीएमओ ने हरी झंडी बताकर रवाना किया रैली को

**राजसमंद (पुकार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक ने आरके जिला चिकित्सालय से नर्सिंग छात्र-छात्राओं की कुष्ठ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ बिन्दल ने बताया कि कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है, चमड़ी पर सुन्न दाग-धब्बा हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच करवानी चाहिएं। रोग की जांच एवं कुष्ठ निवारण के लिए दवाईंया राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपने आस-पड़ोस में संभावित रोगी के मिलने पर तुरंत चिकित्सा संस्थान पर जांच करवाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि स्पर्श अभियान के तहत आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर-घर



सर्वे किया जाएगा। साथ ही संदेहास्पद कुष्ठ रोगियों का सत्यापन करवाकर एमडीटी दवा चालु करवाएं। अभियान आगामी 13 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत स्कूलो में स्लोगन राइटिंग, समूह चर्चा, क्विज का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ ने बताया कि कुष्ट रोग से जुड़ी भ्रांतियो को भी समाज से हटाना है। कुष्ठ रोगी के साथ सहज सामान्य व्यवहार करना चाहिए। रोगी के साथ उठना, बैठना, खाना-पीना सब सहज व सामान्य है। एपिडिमियोलोजिस्ट हरिश कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग का पूरी तरह इलाज हो जाता है। इलाज में देरी से अपंगता हो सकती है, इसलिए लक्षण नजर आते ही तुरंत नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच करवानी चाहिएं। इस दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक पुरोहित सहित नर्सिंग प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना में पीड़ितों को मुआवजा राशि के लिए निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश की पालना में मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के संबंध में गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में किया गया। प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि बैठक में जिलें में गत समय हिट एंड रन मामलों के पुलिस थानों में दर्ज मामलों में एवं पुलिस थाने से दावा जांच अधिकारी को प्रेषित प्रार्थना पत्र पर मुआवजा प्रदान करने के संबंध में वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस थानों से दावा जांच अधिकारी को प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट इत्यादि समय पर प्रेषित की जा रही है अथवा नहीं, जिले के समस्त पुलिस थानों पर दावा जांच अधिकारी के नाम व सम्पर्क सूत्र



नोटिस बोर्ड पर अंकित है अथवा नहीं पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर से नामित सदस्य दावा जांच अधिकारी एसडीएम बृजेश गुप्ता, व पुलिस उप अधीक्षक राहुल जोशी उपस्थित थे।

जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक सम्पन्न

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक का आयोजन जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में वर्ष 2019 से 2023 तक यौन अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम के तहत जिले के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट में पीड़ित को प्रतिकर अदा किए जाने के लिए आवदेन पत्र तैयार करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया।

## वार्षिक उत्सव समारोह में खूब थिरके विद्यार्थी

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम राजनगर का वार्षिकोत्सव समारोह एसपी मनीष त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजसमंद नरोत्तम दाधीच की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, खुश कमल कुमावत, लिलेश खत्री, चतुर कोठारी, हिम्मत मेहता, अनिल बडोला, आशीष पालीवाल, मुरली भोई, मुरारी आशिया, कमलेश कोठारी, प्रहलाद वैष्णव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य कमलेश काहाल्या ने स्वागत उद्बोधन प्रदान करते हुए श्रेष्ठ परिणाम एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के बारे में बताया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसपी त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की एवं




श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पालीवाल ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से परिचित करवाया। सीबीईओ नरोत्तम दाधीच ने श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा की। पीएम श्री प्रभारी भूपेंद्र लड्ढा ने बताया कि वार्षिक समारोह एवं खेल दिवस महाकुंभ 2025 के अवसर पर वर्ष पर्यंत होने वाली विभिन्न गतिविधियों, खेल स्पर्धा में एवं शैक्षणिक स्पर्धा में श्रेष्ठ रहे विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं भामाशाह आईडीबीआई बैंक के मैनेजर प्रदीप कुमार एवं पूर्व विद्यार्थियों को भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नीतू बडगुर्जर ने बताया कि वार्षिक उत्सव समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य एवं नाटक के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम, स्वच्छता एवं अभिभावकों के योगदान का महत्व विद्यार्थियों को समझाया। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थी ने बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। संचालन भूपेंद्र लड्ढा, रिचा, ऐश्वर्या कुमावत एवं रिमझिम चौधरी ने किया।

## इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मीपत सिंघानिया विद्यालय में विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित द्वि दिवसीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करना है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नूतन प्रकाश जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेंद्र कुमार गग्गड़, साइंटिस्ट राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान तथा इंस्पायर अवार्ड प्रभारी सुनील भास्कर, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज संयुक्त उपाध्यक्ष मुकुल जैन तथा प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक ने किया। इस अवसर पर सीडीईओ शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों के प्रोजेक्ट की सराहना की। प्रदर्शनी के संयोजक तथा एडीईओ शिवकुमार व्यास ने बताया कि इस प्रदर्शनी में जिले भर के विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने अपनी विज्ञान परियोजना और आविष्कारों की अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## कलक्टर ने देवगढ़ में एसडीओ और तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने देवगढ़ में उपखंड तथा तहसीलदार कार्यालय



का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर असावा ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों, लंबित राजस्व संबंधित प्रकरण, जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण, संपर्क पोर्टल, ई-फाइल सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक योजना में अधिक अधिक लोगों को लाभान्वित करें तथा सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भूमिका का निर्वहन करें। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारी से विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विचार विमर्श किया। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में जाकर स्वच्छता सहित अन्य कार्यालय संबंधित गतिविधियों को बारीकी से देखा। जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यालयों में आने वाले आमजन के साथ समुचित ढंग से व्यवहार हो तथा हर व्यक्ति की पीड़ा का प्रभावित और पर निराकरण हो।

## साकरोदा में निमोनिया के खिलाफ जंग को मिली नई दिशा

● आशा कार्यकर्ताओं को मिला विशेष प्रशिक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** जिले में साकरोदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में गुरूवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए आशा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया। यह प्रशिक्षण प्लान इंडिया और रेकिट स्वास्थ बनेगा इंडिया के संयुक्त प्रोजेक्ट सेल्फ केयर का न्यू मॉम्स एंड किड्स अंडर फाइव के तहत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य 5 साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया के कारणों, लक्षणों और उपचार को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को सशक्त बनाना था ताकि समुदाय स्तर पर इस जानलेवा बीमारी के प्रति सजगता बढ़े। प्लान इंडिया के ब्लॉक ऑफिसर राहुल शाकद्वीपीय ने सांस अभियान के तहत चल रही



गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने निमोनिया की रोकथाम के लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया और आईईसी (सूचना, शिक्षा व संचार) सामग्री वितरित की। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, वॉल पेंटिंग, घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने, बच्चों की पहचान करने और डायरिया व निमोनिया किट वितरण जैसे अभियानों पर विस्तृत चर्चा हुई। शाकद्वीपीय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर मां और स्वास्थ्यकर्मी निमोनिया के शुरुआती लक्षणों को पहचाने और तुरंत कार्रवाई करें। एलएचवी गायत्री वैष्णव ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर देखभाल के साथ-साथ घर-घर में जागरूकता फैलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। निमोनिया से बच्चों को बचाने के लिए टीकाकरण, साफ-सफाई और तुरंत इलाज जैसे कदमों पर ध्यान देना होगा। सीएचडब्लू मीना पालीवाल ने बताया की सेल्फ केयर प्रोजेक्ट के तहत नुक्कड़ नाटक और वॉल पेंटिंग जैसे रचनात्मक माध्यमों से समुदाय को शिक्षित किया जा रहा है। साथ ही हम आशा कार्यकर्ता के साथ मिलकर घर-घर जाकर माताओं को निमोनिया के खतरों और बचाव के तरीकों से अवगत कराएंगे। प्रशिक्षण में डायरिया और निमोनिया किट के उपयोग पर भी हाथों-हाथ प्रदर्शन किया व विडिओ दिखाया ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सकें। प्रशिक्षण सत्र में एएनएम ज्योत्सना वैष्णव, अनीता यादव, विमला सुथार और पीएचसी के स्टाफ ने भाग लिया।

## इंडियन योग एसोसिएशन की नवीन राज्य कार्यकारिणी का गठन

**राजसमंद (पुकार)।** भारत के सभी योग संगठनों के समुच्चय एवं योग के मुख्य संगठन इंडियन योग एसोसिएशन की राजस्थान कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय महासचिव एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार की गवर्निंग कॉन्सिल के सदस्य सुबोध तिवारी की अध्यक्षता में बप्पा रावल सभागार में हुआ। बैठक में संपूर्ण राजस्थान के योग विशेषज्ञ एवं कार्यकारी समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम




संयुक्त सचिव हिमांशु पालीवाल ने गत बैठक के प्रस्तावों का अनुमोदन करवाते हुए अभी तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। महासचिव सुबोध तिवारी ने संगठन की कार्ययोजना एवं अपेक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए

● राज्य में योग आयोग के गठन को लेकर प्रस्ताव किया पारित

मार्गदर्शन प्रदान किया। सर्व सम्मति से महेश शर्मा अध्यक्ष, योगाचार्य ढाकाराम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ हनवंतसिंह एवं मेघसिंह उपाध्यक्ष, डॉ दीपेंद्रसिंह सचिव, हिमांशु पालीवाल संयुक्त सचिव, दीक्षा जामवाल कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए। राज्य कार्यकारिणी के अन्य दायित्वों में समन्वयक लीगल डॉ हेमराज चौधरी, सदस्यता डॉ वीणा मूंदड़ा, आयोजन शिवानी वर्मा, प्रकाशन एवं रिसर्च डॉ पूर्णेंदु एवं डॉ गुनीत मोंगा, प्रचार योगी मनीष को प्रदान किए गए, इंदिरा डांगी एवं करतार सिंह को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। सर्वसम्मति से राजस्थान योग आयोग के गठन का प्रस्ताव पास कर सरकार के पास भेजने के लिए सभा ने निर्णय किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष शाखा प्रभारी पुलिस उप निरीक्षक शीला चौधरी को राष्ट्रपति पुलिस मेडल की घोषणा

**राजसमंद (पुकार)।** जिले में कार्यरत उप निरीक्षण (पुलिस) शीला चौधरी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले देश के चुनिंदा पुलिस, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीबीआई सहित अन्य सेवाओं के अधिकारियों को राष्ट्रपति मेडल देने की घोषणा की गई है। शीला वर्तमान में सीआईडी विशेष शाखा प्रभारी के तौर पर कार्यरत हैं। यह मेडल चुने गए अधिकारियों को इसी वर्ष दिए जाने की संभावना है।



शीला चौधरी

### खिल उठे चेहरे पाकर लेखन सामग्री

**राजसमंद (पुकार)।** जिले में ग्राम पंचायत बडारड़ा के राप्रावि बाबा कॉलोनी नान्दोडा का खेड़ा में राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर जिलाध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षा कन्हैयालाल करोतिया ने विद्यालय के बालकों को शैक्षणिक



सामग्री पेन-पेंसिल, रबर, कॉपी वितरित की गई संस्था प्रधान पाबूसिंह ने बताया कि विद्यालय में गरीब एवं निर्धन परिवारों के बालक-बालिका अध्यनरत विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की। इन दिनों अब बालकों के परीक्षा नजदीक आने से उनके पास इनकी बहुत कमी थी वह पूरी हुई। इस दौरान प्रधानाध्यापक सत्यनारायण श्रीमाली उपस्थित थे।

### 31 जनवरी अन्तिम अवसर अन्यथा 27 रूपये प्रति किलो के हिसाब से होगी अब तक प्राप्त किए गए गेहूं की वसूली

**राजसमंद (पुकार)।** राज्य सरकार द्वारा गीव अप अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में ऐसे परिवार जिसमे कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्ध सरकारी/स्वायतषासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन जो जिविकोपार्जन में प्रयोग आता हो को छोड़कर) निष्कासन सूची में सम्मिलित है। उन्हे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत निष्कासन श्रेणी में जो भी परिवार/सदस्य आता है तो वे तुरन्त संबंधित उपखण्ड कार्यालय अथवा जिला रसद कार्यालय में उपस्थित होकर गीव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना में से स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए प्रार्थना पत्र निर्धारित अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत करें। अब तक 465 परिवारों के 1970 सदस्यों के नाम इस योजना के तहत हटाये जा चुके है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 31 जनवरी के बाद खाद्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत अपात्र परिवारों के विरूद्ध खाद्य विभाग से प्रदत्त निर्देशानुसार वसूली एवं विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएंगी।

इनसे पकड़ में आयेंगे अपात्र लोग

खाद्य विभाग द्वारा केवाईसी करवाई गई है, इसके तहत लाभार्थियों के राशनकार्ड से आधार कार्ड जुड़ गए है, आधार कार्ड से पैन कार्ड लिंक है, पैन कार्ड से बैंक खाता जुड़ा होने के कारण खाते में आने वाले भुगतान और आईटीआर आदि की जानकारी मिल जाएगी। साथ ही परिवहन विभाग को सूची भेजकर उनके नाम से रजिस्टर्ड चौपहिया वाहनों की जानकारी निकलवाई जाएगी। इससे अपात्र उपभोक्ता तुरंत पकड़ में आएंगे ओर उनसे वसूली एवं विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएंगी।

### तेरापंथ धर्म संघ का मर्यादा महोत्सव रविवार से

**राजसमंद (पुकार)।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान कांकरोली के तत्वावधान में संजय मुनि, प्रसन्न मुनि, प्रकाश मुनि एवं धैर्य मुनि के सानिध्य में तेरापंथ धर्मसंघ का 161वां मर्यादा महोत्सव प्रज्ञा विहार कांकरोली में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। संस्थान के मंत्री धनेद्र मेहता ने बताया कि रविवार प्रातः 9 बजे से प्रज्ञा विहार परिसर में मुनि वृंदों के मंगल सानिध्य में तेरापंथ धर्मसंघ का 161वां मर्यादा महोत्सव मनाया जाएगा। वहीं सोमवार प्रातः 8:30 बजे से संस्थान के निर्देशन में 161 जोड़े एक साथ कदमताल करते हुए अनुशासन रैली के रूप में इरिगेशन पाल कांकरोली पहुंचेंगे। जहां मुनि वृंदों के सानिध्य में मंगल प्रवचन होगा। इसको लेकर तेरापंथ धर्म संघ ने अलग-अलग समूह को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

### अहिल्याबाई का जीवन इतिहास का स्वर्णिम पर्व है: डॉ उषा शर्मा

**राजसमंद(पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य निर्मला मीणा ने बताया कि डॉ उषा शर्मा ने देवी अहिल्या बाईं होल्कर के फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ शर्मा ने



अहिल्याबाई होल्कर के अपने विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन और सतत विकास व्यापार बजट आदि के लिए तत्कालीन परिस्थितियों में जो महत्वपूर्ण योगदान रहा उसके विषय में छात्रों को विस्तृत व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ गोपाललाल कुमावत ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व से छात्रों को सीखने की प्रेरणा दी। साथ ही शहीद दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया गया। रामधुनी व गांधी के प्रिय भजनों का गान कर दो मिनट का मौन रखा। धन्यवाद राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ विभा शर्मा ने ज्ञापित किया। संचालन विजेंद्र कुमार शर्मा ने संचालन किया। इस दौरान डॉ बृजेश कुमार बासौतिया, डॉ संतोष भंडारी, डॉ प्रतीक विजय, डॉ मनदीप सिंह, डॉ अनिल कालोरिया, खुशबू सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

**राजसमंद(पुकार)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्रा.लि की ओर से गुरुवार को नेगडिया टोल प्लाजा पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में टोल कर्मियों ने रक्तदान करके 37 यूनिट रक्त का संकलन किया। यह शिविर भिलवाड़ा ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया था। शिविर का उद्घाटन सीएमएचओ हेमंत बिंदल ने किया। इस अवसर पर मुख्य टोल प्रबंधक जयनंदन मिश्रा भी उपस्थित थे। सीएमएचओ बिंदल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को अक्सर रक्त की आवश्यकता होती है। रक्तदान करके हम उनकी जान बचा सकते हैं। उन्होंने टोल कर्मियों द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की। मिश्रा ने कहा कि श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्रा.लि सड़क सुरक्षा के प्रति हमेशा तत्पर रहता है। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे। इस शिविर में बड़ी संख्या में टोल कर्मियों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



# जन्मोत्सव पर विशेषः भगत आंदोलन के प्रणेता थे संत सुरमालदास, आदिवासी समाज को दिखाई भक्ति की राह

**●ब्रिटिश हुकुमतकाल में पिया सवा सेर सीसा, वागड़, मेवाड़, मालवा और गुजरात में जगाई अलख**
**●अब संत सुरमालदास विकास संस्थान के बैनर तले चल रहा व्यसन मुक्त समाज का अभियान**

**डूंगरपुर(पुकार)।** संत सुरमालदास यह नाम किसी पहचान और परिचय का मोहताज नहीं। 18 वीं सदी में जन्मे संत सुरमालदास का जीवन और व्यक्तित्व कई खुबियों से भरा रहा। संत सुरमालदास पहले ऐसे आदिवासी संत थे जिन्होंने समूचा जीवन आदिवासी समुदाय के उत्थान, निर्माण और मुख्यधारा से जोड़ने समर्पित कर दिया। उन्होंने गुजरात के जनजाति क्षेत्र, वाग्वरांचल के डूंगरपुर तथा बांसवाड़ा, मेवाड़, मालवा मध्यप्रदेश तथा भोमट के भील समाज में धार्मिक एवं सामाजिक आंदोलन का सूत्रपात किया। संत सुरमालदास भगत आंदोलन के प्रणेता रहे और ब्रिटिश हुकुमत में सवा सेर शीशा पीकर अंग्रेजों को घुटने के बल ला दिया। आदिवासियों में प्रचलित अंधविश्वासों, रूढियों बुराइयों के उन्मुलन के साथ व्यसन मुक्त समाज का संदेश दिया।

संत सुरमालदास का जन्म गुजरात के बनासकांठा जिले के लसुडिया, ग्राम में खराड़ी गोत्र में हुआ था। अनुमान है कि उनका जन्म सन् 1803 ई.में हुआ होगा। साधारण परिवार में जन्म होने के कारण बाल्यकाल में ही परिवार चलाने की जिम्मेदारी आ पड़ी। एक बार वे जंगल में लकड़ी काटने गये। अचानक नील गायों का समूह वहां आया। संत ने एक नील गाय पर कुल्हाड़ी का वार करना चाहा पर वार करने से पहले वह अदृश्य हो गई। यह देख कर वे अवाक रह गये। उसी समय एक साधु वहां प्रकट हुए जिन्होंने उन्हें श्यामला के आश्रम में लकड़ियां लाने को कहा। वे कह कर अदृश्य हो गये। संत सुरमालदास को यह देखकर आश्चर्य तो हुआ पर उनके आदेशों से वे लकड़ी का गट्ठर लेकर श्यामला जी गये जहां उन्हें वही बाबा मिले। बाबा ने उन लकड़ियों के बदले उन्हें एक रूपया देते हुए कहा कि इस रूपये से तेरा सारा जीवन सफल होगा। बाबा के उपदेश से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया और भक्ति की अलख जगाने का बीडा संत ने उठाया। शामलाजी के पहाड़ो में संत सुरमालदास ने तपस्या भी की। साधारण परिवार में जन्मे संत सुरमाल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व असाधारण रहा। समाज सुधारक के रूप में संत सुरमालदास इतिहास के पन्नों में विशिष्ट स्थान रखते है।

**मादक पदार्थो के सेवन से मुक्त रहने का दिया संदेश**

संत सुरमालदास ने आदिवासी समाज को मादक पदार्थो से मुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया। व्यसन मुक्त समाज निर्माण के लिए संत सुरमाल ने बड़े स्तर पर प्रयास किए। लसुड़िया धाम से आज भी हजारों समुदायजन और अनुयायी जुड़े है जो आदिवासी समाज को व्यसन मुक्त बनाने के अभियान में जुटे है। थोमस होल्बन हेंडली की एन अकाउंट ऑफ द मेवाड़ भीम जर्नल ऑफ एसिएटिक सोसायटी ऑफ बंगाल,पेप्टीयीस्ट मिशन प्रेस कलकत्ताए 1875 में इसका उल्लेख मिलता है। पुस्तक में उल्लेख है कि संत सुरमाल ने समाज सुधारक के रूप में कई वर्ष मेवाड़ और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों के मध्य जीवन व्यतीत किया और भक्ति की अलख जगाते हुए अपराध और दोष से दूर रहते हुए मादक द्रव्यों और पदार्थो से दूर रहने का संकल्प दिलाया। वर्तमान में संत सुरमालदास के बड़ी संख्या में अनुयायी हैए शिष्य है और धर्मगुरू है जो समाज को भक्ति मार्ग की ओर प्रेरित कर रहे है। एनएन व्यास की बोंडेज एवं एक्सप्लोटेशन इन ट्रायबल इंडियाए रावत पब्लिककेशन जयपुर 1980 में बताया है कि संत सुरमालदास ने सांस्कृतिक आंदोलन भी चलाया। उन्होंने भीलों को बिना स्नान किए भोजन नहीं करने, प्रार्थना करने, अहिंसा का पालन करने तथा पवित्र धागा पहनने की सीख दी। उनके द्वारा शुरू किए गए धर्म को भक्तिवाद कहा गया। संत सुरमालदास ने अभिवादन के लिए राम-राम से संबोधित करने का संदेश दिया। संत सुरमालदास की वर्तमान में 300 से अधिक धुणिया है और उनके शिष्य और अनुयायी आंदोलन को चला रहे है। ब्रिटिश हुकुमत में संत सुरमालदास ने टूटे हुए कांच और लोहे के टूकड़े सवा सेर शीशा पीकर ताकत दिखाई। उनकी इस दैवीय शक्ति से आदिवासी उन्हें मानने लग गए। संत ने अनुयायियों को नेक, ईमानदारी से जीवन जीने प्रेरित किया।

**दूर-दूर तक फैली ख्यातिः-**

किवदंति है कि संत सुरमालदास ने अन्न ग्रहण करना त्याग दिया और केवल गाय के गोबर का सेवन कर जीवन यापन करने लगे। एक दिन देवगामड़ा के ठाकुर ने उन्हें गाय का दूध भेजा। उसे गर्म करने के लिये अंगीठी पर रखा गया पर शाम तक भी वह गर्म न हो सका। अन्त में संत ने कुछ भ भूती राखद्ध मंतर कर उसमें डाली तो दूध तेज गति से उबलने लगा। उस उबलते दूध को वे आसानी से पी गये। तब से उन्होंने गोबर खाना छोड़ कर गाय का दूध पीना प्रारंभ किया। इस घटना के बाद उनकी ख्याति चमत्कारी पुरूष के रूप में दूर-दूर तक फैली। इस चमत्कारी घटना के पश्चात ब्रिटिश शासकों ने उनकी परीक्षा लेनी चाही। वे उक्त चमत्कार पर विश्वास नहीं कर पा रहे थे। फलतः ईडर के रावल केसर सिंह ने उन्हें एक सेर लगभग 500 ग्राम उबलता हुआ शीशा पीने को कहा। संत सुरमालदास उसे आसानी से पी गये और तत्क्षण उल्टी कर उसी मात्रा में उन्हें वापस कर दिया। इस घटना के बाद तो लोग उन्हें देवपुरूष अवतारी पुरूष के रूप में मानने लग गये।

**1874 में थे एक हजार शिष्यः-**

वर्ष 1874 तक संत सुरमाल का भगत आन्दोलन दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर, बांसवाड़ा, दक्षिणी मेवाड़, भोमट के क्षेत्र व गुजरात के मही काण्ठा व उसके समीपवर्ती स्थानों के भीलों में स्थान प्राप्त कर चुका था। इस क्षेत्र को चुन कर गांव-गांव जाकर अपने वाणी से उन्हें प्रभावित किया। अपने पंथ के विस्तार के लिये वे व्यक्तिगत रूप से बातचीत करते थेए जो उनके शिष्य बनने योग्य होता उसे चुनते तथा तीन चरणों में उसका परीक्षण कर उसे शिष्य बनाते थे। इस प्रकार से जो उनके शिष्य बनते थे वे फिर उस पंथ को छोड़ कर नहीं जाते थे। सन् 1874 में उनके लगभग 1000 शिष्य बन चुके थे जो 1877 ई.में बढ़ कर तीन हजार हो गये थे। इस भगत आन्दोलन के कारण भीलों के जीवन में काफी अन्तर आ रहा था। संत सुरमालदास के पंथ का प्रमुख केन्द्र उनका गांव लसुड़िया ही था जहां उन्होंने प्रथम धूणी स्थापित की थी। इसके अतिरिक्त बांसवाड़ा में अरथुना, कोना, डूंगरपुर में वैंजा, माथुगामड़ा, हिराता, माल चौकी, सीमलवाड़ा व उदयपुर राज्य में केसरियाजी, पोगरा,निम्बोदा व सराड़ा आदि जगहों सहित करीब संत सुरमाल दास की 300 धूणिया है। इन धूणियों की जीवन्तता और वहां पर आने वाले अनुयायियों को देख कर कहा जा सकता है कि उनका यह पंथ आज भी इस क्षेत्र के आदिवासियों में उनके उपदेशों और सिद्धांतों की छाप छोड़ रहा है।

## आराध्यों को दिया भागवत कथा का प्रथम निमंत्रण



डूंगरपुर। आराध्यों को भागवत कथा का प्रथम निमंत्रण देते हुए। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** नया महादेव मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि के पावन पर्व पर आागामी 24 फरवरी से 2 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक डॉ. अदिति गोठी और डॉ. नीलेश गोठी के सानिध्य में माधव परिवार द्वारा भागवत कथा वाचक श्री राधे जी वृंदावन धाम के मुखारविंद से आयोजित होने जा रही। श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम निमंत्रण श्री माधव परिवार के सदस्यों द्वारा विघ्नहर्ता श्री लाभ गणेश जी को निमंत्रित करते हुए अन्य देव स्थान श्रीनाथ जीए उदय विलास स्थित श्री केसरिया जीए आदिनाथ जीए नया महादेव जी को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया।

कथा के आयोजक डॉ.अदिति गोठी और डॉ.नीलेश गोठी ने बताया कि इस कथा में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। नारी शक्ति द्वारा युग परिवर्तन इसका मुख्य केंद्र बिंदु रहेगा। कथा से संबंधित कई कार्य नारी शक्ति द्वारा ही संपन्न किए जाएंगे। यह अपने आप में सभी भागवत भक्तो के लिए एक नया अनुभव होगा। इस अवसर अंशु माला पंचाल, शारदा मालपानी, रमा शाह, शीतल भट्ट, निशा शर्मा,मीनाक्षी, ममता जैन, भरत सेवक, रमेश वरियानी, प्रवीण श्रीमाल, गिरीश जोशी, दिलीप सुथार, किरीट शर्मा सहित श्री माधव परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## जन.जागरुकता हेतु आयोजित की जा रही है विभिन्न प्रतियोगिता एवं माईकिंग

**डूंगरपुर(पुकार)।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ प्रात गेपसागर की पाल से जागरूकता रैली के माध्यम से किया गया। डॉ किशोरी लाल वर्मा ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखा रैली प्रारम्भ किए रैली मे एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर की छात्राओ के माध्यम से मुख्य मुख्य मार्गा से होते हुए पुराना अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। कुष्ठ जागरूकता रैली के माध्यम से यह संदेश जन.जन तक पहुचाया गया की कुष्ठ रोग की जांच कराएं, कुष्ठ रोगियों को हर प्रकार से सहायता करें। कुष्ठ रोग पूर्णतया ठीक हो जाता है इसका ईलाज संभव है। रैली के दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



डूंगरपुर। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतें अधिकारी एवं उपस्थित छात्र। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ रोग निवारण दिवस का आयोजन किया गया। 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता पखवाडा ग्राम पंचायत तथा सभी चिकित्सा संस्थान पर आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न राजकीय विद्यालयों मे निबन्धए चार्ट एवं वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन के साथ ही जागरूकता हेतु जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता संदेश की माईकिंग करवाई जा रही है।

## साईबर ठगों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए चलाया गया ऑपरेशन

●साईबर शील्ड़ के तहत 8 ठगों को किया गिरफ्तार
●पेडों पर मचान बनाकर साइबर ठगी को दे रहे थे अंजाम
●ठगों से कुल 16 मोबाईल 22 फर्जी सिम कार्ड किए बरामद



डूंगरपुर। साबला पुलिस व साईबर सेल की गिरफ्त में साईबर ठगी के आरोपी ठग। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** प्रदेश पुलिस मुख्यालय के आदेश पर जिलेभर में साईबर ठगों के विरुद्ध कार्यवाही एवं साईबर अपराधो की रोकथाम हेतु चलाये गये ऑपरेशन साईबर शील्ड़ के तहत साईबर ठगो के खिलाफ कार्यवाही के तहत जिला साइबर सेल एवं पुलिस थाना साबला की विशेष टीम ने 8 साईबर अपराधियो को गिरफ्तार किया है।

जिला साइबर सेल के कानि हेमेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को साबला क्षेत्र के सोम कमला आम्बा के पेटे के पास पिंण्डावल गांव के पास खेतों की मेड पर स्थित पेडो के के उपर मचान बनाकर 08 साइबर ठग फर्जी एस्कोर्ट सर्विस से लडकीया उपलब्ध करवाने के नाम पर देशभर के विभिन्न राज्यो के व्यक्तियो के साथ आर्थिक साईबर ठगी कर रहे है। जिस पर जिला साईबर सेल टीम, साइबर थाना एवं पुलिस थाना साबला की संयुक्त टीम बनाकर मुताबिक सूचना के पिंण्डावल के पास खेतो में पर दबिश देने पर 8 युवकों को मचान से उतारकर जांच करने पर युवकों द्वारा मोबाइलो के सोशल मीड़िया व्हाट्सअप, टेलीग्राम, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम एवं खातो की डिटेल जांच करने पर युवकों द्वारा देश के विभिन्न राज्य के आमजनो को अश्लील फोटो भेजकर उक्त साईबर ठगों द्वारा विभिन्न फर्जी खातो में ठगी की राशि ऐठना पाया गया। जिस पर पुलिस टीम ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह लुकांटो, आकलैंड, स्डूकों, स्कोका, इसलोका, सिटीजिएल पर फर्जी एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर फर्जी ऐड जारी कर उस पर फर्जी सिम का नम्बर डालकर अश्लील फोटो आमजनो को भेजकर अपने झांसे में लेकर विभिन्न फर्जी खातों में ठगी गई राशि डलवाई जाकर साईबर ठगी करते थे।

## फावटा मे जली हुई डीपी नहीं बदलने से किसान परेशान

**ओबरी(पुकार)।** क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत फावटा मे पिछले पच्चिस दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर जल गया है जिससे किसानों सहित ग्रामवासीयों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा हैं।

किसान शंकरलाल भील ने बताया की इसकी सुचना विधुत विभाग के जेइएन ग्रामीण मंडल सागवाडा को दी थी पर अभी तक ट्रांसफार्मर की सुध नहीं लेने से किसान के खेतो मे गेहूं की फसल बिना पानी के सुख रही हैए वही ग्रामीणों ने बताया की टांसफार्मर जलने का कारण घरेलू लाइन को कृषि टांसफार्मर पर शिफ्ट करने की वजह से उक्त ट्रांसफार्मर जल गया। किसानो ने तत्काल सुनवाई की मांग की, ताकी फसल सूखने से निजात मिले।



फावटा लिंक रोड पर चण्डालीया मार्ग पर झुका डीपी लगा हुआ पोल। फोटोंः निलेश दवें

## शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि

**डूंगरपुर(पुकार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस पर जिले भर में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपखण्ड़ कार्यालय डूंगरपुर के कार्मिकों, उपस्थित लोगों और स्कूली बच्चों ने रामधुन व गांधीजी के प्रिय भजनों का सामूहिक गायन किया। इसके पश्चात अन्त में 2 मिनिट का मौन रखा कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, उपखण्ड़ अधिकारी डूंगरपुर मुकेश चन्द्र मीणा, सहायक निदेशक अशोक कुमार शर्मा,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाडिया सहित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।



डूंगरपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

जिले के सभी उपखण्ड़ मुख्यालयों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उद्यान में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कलक्ट्रेट, जिला परिषद व

## पंचाल समाज चौखरा चौरासी के त्रै-वार्षिक चुनाव सम्पन्न






त्रै-वार्षिक चुनाव के दौरान सम्बोधित करते अतिथि व उपस्थित समाज जन। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** ग्राम साकरसी में पंचाल समाज चोखरा चौरासी के चुनाव अध्यक्ष डायालाल पंचाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। जबकि मुख्य अतिथि रमणलाल पंचाल बियौदा एवं अति विशिष्ठ अतिथि ईश्वरलाल पंचाल बोरी दोनो ही केन्द्रीय पर्यवेक्षक थे तथा विशिष्ठ अतिथि चोखरा चौरासी के कोर कमेटी के सदस्य धनेश्वर, मगनलाल, नटवरलाल गैंजी, केशवलाल आदि उपस्थित रहे।

चौखरा चौरासी के अध्यक्ष डायालाल पंचाल पीठ ने स्वागत करते हुए पुरानी कार्यकारिणी को निरस्त करने की घोषणा की। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी नटवरलाल पंचाल लिखी बड़ी के निर्देशन में चुनाव सम्पादित हुए। जिसमे कारीलाल पंचाल पाडली को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके पश्चात नव नियुक्त अध्यक्ष व पंचों के समक्ष नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमे उपाध्यक्ष शिवलाल पंचाल बेड़सा, भरतलाल पंचाल साकरसी, महामंत्री गटूलाल पंचाल गैंजी, सचिव संजय पंचाल विकासनगर, कोषाध्यक्ष पोपटलाल पंचाल पीठ, शिक्षा प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक प्रभारी राकेश पंचाल बेड़सा, समाज सुधार प्रभारी नटवरलाल पंचाल गैंजी, संगठन मंत्री भरतलाल पंचाल माण्डली को बनाया गया है। साथ ही कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में बंसतलाल पंचाल रास्ता, जितेन्द्र पंचाल करावाड़ा, शांतिलाल पंचाल धम्बोला, बंशीलाल पंचाल सिसोदरा, शांतिलाल गैंजी तथा मिडिया प्रभारी विनोद पंचाल धम्बोला को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इस चुनावी बैठक में चौखरा चौरासी के कोर कमेटी के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष धनेश्वर पंचाल माण्डली, मंगनलाल पंचाल धम्बोला, केशवलाल पंचाल विकासनगर उपस्थित थे। साथ ही त्रिपुरा सुन्दरी ट्रस्ट मण्डल के प्रतिनिधि के रूप मे नटवरलाल पंचाल लिखी बड़ी,केशवलाल बाधपुर, यशवंत सीमलवाडा, पोपटलाल गैंजी, नटवरलाल बोड़ामली, कन्हैयालाल विकासनगर को चुना गया है। संचालन गटूलाल पंचाल गैंजी व आभार यशवंत पंचाल सीमलवाड़ा ने ज्ञापित किया।

## संयुक्त निदेशक उदयपुर ने चिकित्सा संस्थानो का किया औचक निरीक्षण

**डूंगरपुर(पुकार)।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य दिवस पर चिकित्सा संस्थानो पर आयोजित सत्र जिसमे पुराना अस्पताल सीएचसी व शहरी आयुष्मान मंदिर पातेला के साथ सीएमएचओ कार्यालय का संयुक्त निदेशक उदयपुर डॉ प्रकाश शर्मा व निदेशक डॉ पंकज गौड ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों से फ्लैगशिप योजना के साथ अन्य योजना की उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। चिकित्सा संस्थानो पर दवा की पर्याप्त उपलब्धता व अन्य आवश्यक उपकरणों की सुविधाओ को देखते हुए संतोष व्यक्त किया इस दौरान जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भी ओडीके एप के माध्यम से टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया।



डूंगरपुर। चिकित्सा संस्थान का निरिक्षण कर दिशा-निर्देश देतें संयुक्त निदेशक डॉ शर्मा। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

**निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को सुधारने के निर्देशः**

संयुक्त निदेशक उदयपुर डॉ प्रकाश शर्मा ने सर्व प्रथम सीएमएचओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया ऐसे मे सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता को कार्यालय के शाखा प्रभारी के माध्यम से कार्यालय से होने वाले सभी पत्राचार को ई फाइल व ई साइन के माध्यम से करने के निर्देश दिए साथ ई.फाइल एवं ई.डाक के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि फाइलों का निस्तारण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति एवं क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए।

**एमसीएचएन डे पर चिकित्सा संस्थान का निरीक्षणः**

संयुक्त निदेशक डॉण् प्रकाश शर्मा ने एमसीएचएन डे पर पुराना अस्पताल सीएचसी व शहरी आयुष्मान मंदिर पर आयोजित सत्र का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टाफ को निर्देश दिए की नियमित टीकाकरण से कोई वंचित नहीं रहना चाहिए। इसको लेकर आशा सहयोगिनी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, एएनएम लोगों को जागरुक करें। छूटे हुए लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करवाएं। कोई भी बच्चा और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित नहीं रहे टीकाकरण से वंचित बच्चो की सूची बनाकर उनका टीकाकरण सुनिश्चित करे। वही दूसरी ओर पातेला केन्द्र पर समस्त सुविधाओं के साथ साफ .सफाई व समस्त रूम को कलर्र कोड के माध्यम से प्रदर्शित करने दवा की उपलब्धता सभी इन्डीगेटर व योजनाओं आईईसी चस्पा को लेकर स्टार्फ की प्रशंसा की और आगे भी राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल तक अंतिम छोर तक पहुचाने के निर्देष दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### नहीं रहे ख्यातनाम शायर बृजराज राज

**साहित्यकारों में छाई शोक की लहर**

**डूंगरपुर (पुकार)।** वागड़ विभा साहित्य एवं कला संस्थान के संरक्षक ख्यातनाम शायर बृजराज राज का आज निधन हो गया। वें 80 वर्ष के थे। बृजराज के निधन का समाचार सुनकर वागड़ अंचल के साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गई। बृजराज उन चुनिंदा साहित्यकारों में से थे जिन्होंने कोरोना काल में भी निरंतर साहित्य सृजन कर अपनी लेखनी के माध्यम से जनचेतना का संचार किया। बृजराज शर्मा राज के निधन पर वरिष्ठ कवि हेमन्त शर्मा, राजकुमार कसारा, सत्यदेव पंचाल सत्येश, प्रकाश शर्मा गुंजन, नरेश जोशी भारतीय, जयेश शर्मा, मिलन शर्मा, सुनील मेहता ,सहर विपुल विद्रोही, छत्रपाल शिवाजी, विपिन वत्सल, मनीषा पंड्या जिया दिनेश पंचाल, सुरेश सरगम आदि ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इसे साहित्य जगत में अपूरणीय क्षति बताया। वरिष्ठ शायर बृजराज पिछले कुछ समय से बीमार थे। गुरुवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। शाम को सुरपुर स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके पुत्र पंकज एवं प्रशांत ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी किशनलाल गर्ग की 105 वीं जयंति मनाई



डूंगरपुर। स्वतंत्रता सैनानी गर्ग की 105 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते-परिजन सहित विद्यालय स्टॉफ। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर(पुकार)।** किशनलाल गर्ग उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को स्वतंत्रता सेनानी किशनलाल गर्ग की 105 वीं जयंति मनाई गई।

संस्था प्रधान ऋतु चौबीसा ने माल्यार्पण कर उनके योगदान को सराहा। इस अवसर पर उनके ज्येष्ठ पुत्र महेन्द्रप्रताप सिंह तथा पौत्री चीन्मय गर्ग ने भी माल्यापर्ण कर उन्हे श्रद्वान्जलि अर्पित की। इस दौरान स्टॉफ के सभी कार्मिक उपस्थित थें।

### 50 वीं टोनी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता 18 फरवरी से

**डूंगरपुर(पुकार)।** स्थानीय लक्ष्मण मैदान पर आगामी 18 फरवरी से 2 मार्च तक 50 वीं स्व.टोनी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। टोनी मेमोरियल के आयोजन सचिव जितेन्द्र श्रीमाली ने बताया कि प्रतियोगिता लीग के आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता में जिले भर से आठ टीमे भाग लेंगी, जिसमे दो ग्रुप चार-चार टीमों के बनाये जायेगे। प्रत्येक टीम को तीन मैच खेलना अनिवार्य है और इनमे से चार टीमे जिनके अंक अधिक होंगे वह सेमीफाईनल में खेलेगी। साथ ही प्रतियोगिता रेड बॉल से खेली जायेंगी। सभी मैच 20 ओवर के होंगे। टोनी मेमोरियल के ट्रस्टी एडवोकेट संजीव भटनागर व रोशन दोशी ने बताया कि पहली बार यह प्रतियोगिता 20-20 लीग में खेली जा रही है। प्रतियोगिता के विजेता को नकद 11000/-रूपये ट्रॉफी तथा उप विजेता को 7500/-रूपये व ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। भटनागर ने बताया कि प्रत्येक टीम में जिले से बाहर के तीन प्लेयर गेस्ट प्लेयर खेलाना अनिवार्य है। इच्छुक टीमे अपने खिलाड़ियों की सूचि आगामी 10 फरवरी तक आवश्यक रूप से सचिव जितेन्द्र श्रीमाली के पास जमा करा देंवे। अन्तिम आठ टीमों का चयन कमेटी द्वारा किया जायेंगा।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**डूंगरपुर(पुकार)।** दोवड़ा थाना क्षेत्र के नया गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेत में सिंचाई करते समय बिजली के तार की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला किसान की मौत हो गई। मृतका की पहचान नया गांव पुनाली निवासी सीता पत्नी बसु ननोमा के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब सीता खेत में फसलों को पानी दे रही थी। अचानक वह बिजली लाइन के संपर्क में आ गई और तेज करंट का झटका लगने से नीचे गिर पड़ी। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने तुरंत उन्हें डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पीछे 10 वर्ष का एक बच्चा है। उनके पति अहमदाबाद में मजदूरी करते हैं। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया है और शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पति के गुजरात से लौटने के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। देवल स्थित मृतका के मायके पक्ष को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। दोवड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चेहर माता का जन्मोत्सव 2 फरवरी को आयोजन कमेटी ने दिया तैयारीयों को मूर्तरूप

**ओबरी (पुकार)।** बसंतोत्सव के मद्देनजर माघ शुक्ल बीज के उपलक्ष्य में बाणेश्वरी चेहर धाम, गैंजी में चेहर माताजी का जन्मोत्सव 2 फरवरीए रविवार को हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे गैंजी गांव में चेहर माता की भव्य सवारी निकाली जाएगी। जो गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए हिंगलाज माता मंदिर पहुंचेगी। वहां श्रद्धालु पारंपरिक गरबा रास खेलकर माता की आराधना करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। चेहर धाम के जितेंद्र कलाल ने बताया कि माता की सवारी गादीपति भुआजी प्रविण सिंह राणावत एवं चेहर परिवार के सानिध्य में निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होंगेए जो भक्ति गीतों के साथ माता की महिमा का गुणगान करेंगे। शोभायात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन में भजन संध्या, सत्संग और धार्मिक अनुष्ठान भी शामिल रहेंगे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया है।

### अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, छोटे भाई की मौत

**बड़े ने तैरकर बचाई जान, घर से 25 किमी दूर हादसा,अहमदाबाद से**

**डूंगरपुर(पुकार)।** अहमदाबाद से घर लौट रहे दो सगे भाइयों की बाइक घर से 25 किमी दूर अनियंत्रित होकर सोमकमला आम्बा बांध की दाई नहर में गिर गई। हादसे में छोटे भाई की डूबने से मौत हो गई। हादसे में बड़े भाई ने तैरकर अपनी जान बचाई। हादसा आसपुर थाना क्षेत्र में टोकवासा मोड़ पर गुरुवार सुबह 5 बजे हुआ।

**घर से महज 25 किमी दूर हुआ हादसाः-**

सीआई तेज सिंह ने बताया कि सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के गदेया गांव निवासी शंकरलाल और कांतिलाल दोनों सगे भाई थे। दोनों अहमदाबाद में मजदूरी करते थे। शंकरलाल छोटे भाई कांतिलाल के साथ रात 8 बजे अहमदाबाद से बाइक से अपने गांव गदेया आ रहा था। इस दौरान घर से 25 किमी दूर टोकवासा मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर एबीसी नहर में गिर गई। तभी शंकरलाल ने तैरकर अपनी जान बचाई और कांतिलाल पानी में डूब गया। जिसके बाद शंकरलाल ने बाहर आकर वार्ड पंच केशवलाल को फोन कर मदद मांगी। वहीं घटना की सूचना आसपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नहर का पानी बंद करवाकर कांतिलाल की तलाश शुरू की। कांतिलाल का शव पानी में तैरता हुआ मिलाए जिसे प्रशासन ने बाहर निकाला और सीएचसी आसपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शंकरलाल का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

**5 साल पहले हुई थी शादीः-**

अहमदाबाद में लौट रहे कांतिलाल की शादी 5 साल पहले हुई थी और उसकी 2 साल की बेटी है। कांतिलाल के पिता गेबा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

